www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 98 । नर्मदापुरम, शनिवार 5 जुलाई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर स्कूल में भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिता — पृष्ठ 2

▸ मिट्टी-पानी बचाने की अच्छी परंपराएं
▸ संविधान की प्रस्तावना के साथ न हो खिलवाड़ — पृष्ठ 4

▸ पाकिस्तानी टीम आएगी भारत, एशिया कप में हिस्सा लेने को मिली मंजूरी — पृष्ठ 5

दीपावली के बाद बहनों को हर महीने देंगे 15 सौ रुपए : डॉ. यादव — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### राष्ट्रपति मुर्मु ने डूरंड कप 2025 ट्रॉफी का अनावरण किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक भव्य समारोह में डूरंड कप प्रतियोगिता 2025 की ट्रॉफियों का अनावरण किया और हरी झंडी दिखाई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खेलों की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देता है। उन्होंने खेलों की लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी शक्ति को रेखांकित किया और भारत में इसे राष्ट्रीय एकीकरण का शक्तिशाली साधन बताया।

### बॉम्बे उच्च न्यायालय में 2 अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गौतम अश्विन अंखड और महेंद्र माधवराव नेर्लिकर को बॉम्बे उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति से संबंधित घोषणा की। इसमें कहा गया है कि महेंद्र माधवराव नेर्लिकर को वरिष्ठता के क्रम में दो वर्ष की अवधि के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करते हैं, जो उनके संबंधित कार्यालयों का कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होगा।

### मालगाड़ी की बोगी में लगी अचानक आग

**दमोह, देशबन्धु।** कटनी से दमोह होकर बीना जा रही कोयले से भरी मालगाड़ी में आज अचानक आग लग गई। इस घटना की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड तत्काल मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया। घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार कोयले से भरी मालगाड़ी की बोगी में आग लगने की खबर से अफरा-तफरी मच गई। खबर मिलने के बाद बोगी को दमोह में ही रुकवा लिया गया। जिसके बाद तत्काल मौके पर फायर बिग्रेड पहुंच गई। और दमकल कर्मियों ने बिना देर किए आग बुझाने में लग गए। वहीं इस घटना की खबर मिलते ही मौके पर दमोह स्टेशन का रेलवे स्टॉफ, आरपीएफ के एएसआई रघुनाथ दुबे, प्रधान दर्शन सिंह, जीआरपी के साथ सिटी कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार, सब इंस्पेक्टर, आरके गोस्वामी, एएसआई राजेश पाठक के साथ पुलिस बल पहुंच गया।

### एनटीए ने जारी किया 10 लाख से ज्यादा छात्रों का रिजल्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) 2025 के नतीजे घोषित कर दिए हैं। यह परीक्षा 13 मई से 4 जून 2025 के बीच कंप्यूटर आधारित मोड में आयोजित की गई थी। सीयूईटी-यूजी परीक्षा के जरिए छात्र देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य, डीम्ड और निजी विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के अनुसार, इस वर्ष कुल 13,54,699 छात्रों ने इन परीक्षाओं के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था।

### कोरबा सड़क हादसे में 3 की मौत, 2 घायल

**कोरबा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक बेकाबू कार ने दो बाइक और साइकिल को टक्कर मारने के बाद विपरीत दिशा से आ रही तीसरी बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक कार चालक लगभग 100-150 मीटर तक बाइक को घसीटता रहा। कार सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से टकराई जिससे एयरबैग खुला और गाड़ी रुकी।

---

मेडिकल कॉलेजों को मान्यता के लिए रिश्वत का मामला

# सीबीआई ने यूजीसी के पूर्व चेयरमैन सहित 35 अधिकारियों पर दर्ज किया मामला

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने के कांड का सीबीआई द्वारा किए गए खुलासे के बाद हड़कंप मच गया है। इस मामले में सीबीआई ने यूसीजी के पूर्व चेयरमेन सहित 35 वर्तमान और पूर्व अधिकारियों को आरोपी बनाते हुए कई ठिकानों पर छापेमारी की है। सीबीआई ने 8 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इसमें रावतपुरा सरकार उर्फ रविशंकर महाराज के साथ ही 35 नामजद आरोपी बने हैं। इन सभी पर भ्रष्टाचार की विविध धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

इसमें इंदौर के इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेरयमैन सुरेश भदौरिया भी आरोपी है, जो फिलहाल सीबीआई के हत्थे नहीं चढ़े हैं। लेकिन एक और चौंकाने वाला नाम इसमें हैं। वही डीपी सिंह का। वह इस मामले में सीबीआई द्वारा 35 पर दर्ज की गई एफआईआर में आरोपी नंबर 6 है। डीपी सिंह यानी धीरेंद्र पाल सिंह। यह फिलहाल टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साईसेज मुंबई जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के चांसलर है। अप्रैल 2024 में यहां चांसलर बनने से पहले वह यूजीसी के चेयमरैन जैसे अहम पद पर थे। वहीं इस पद के पहले वह इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर रहे थे। वह बीएचयू के भी कुलपति रह चुके हैं।

### कई आरोपियों के ठिकानों पर छापे, 8 गिरफ्तार

इस मामले में सीबीआई द्वारा तीन डॉक्टरों समेत छह की गिरफ्तारी की गई। सीबीआई के एसएसपी कमल सिंह चौधरी की ओर से कई मेडिकल कॉलेज के निदेशक, एनएमसी और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के 35 अधिकारियों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इन्हीं विभाग के कई अन्य कर्मचारियों को अज्ञात में आरोपी बनाया गया है, जिनका नाम विवेचना के दौरान खोला जाएगा। इसी कार्रवाई के दौरान सीबीआई ने देश में 40 से ज्यादा स्थानों पर छापेमारी करते हुए साक्ष्य जुटाए और कई मेडिकल कॉलेज से दस्तावेज, कंप्यूटर हार्डड्राइव को कब्जे में लिया। इसी क्रम में मेरठ की पूर्व एमएलसी और भाजपा नेत्री सरोजनी अग्रवाल की बेटी शिवानी अग्रवाल को भी नामजद किया गया। शिवानी अग्रवाल मेरठ में एनसीआर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कॉलेज की असिस्टेंट मैनेजिंग डायरेक्टर और रेडियोलॉजी विभाग की प्रमुख हैं। सीबीआई ने खुलासा किया है कि इन सभी कॉलेजों को आंध्रप्रदेश के कदिरी निवासी डॉक्टर बी.हरिप्रसाद प्रॉक्सी शिक्षक उपलब्ध कराता था। जिस भी कॉलेज को नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के सर्वे और दस्तावेज को लेकर समस्या होती थी, वह डॉ. हरिप्रसाद से संपर्क करता था।

---

उपसेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह बोले-

# ऑपरेशन सिंदूर में 3 दुश्मनों से लड़ी जंग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, भारत सीमा पर अकेले पाकिस्तान से नहीं, बल्कि तीन दुश्मन-देशों से लड़ रहा था। ये खुलासा भारतीय सेना के डिप्टी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने किया है। पाकिस्तान के अलावा चीन और तुर्की को भी भारत ने एक तरह से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शिकस्त दी। पाकिस्तान अगर अग्रिम मोर्चे पर था तो चीन हर संभव सहायता प्रदान कर रहा था। तुर्की ने भी इस प्रकार की सहायता प्रदान करने में अपनी भूमिका निभाई।

शुक्रवार को दिल्ली में फिक्की की तरफ से आयोजित 'न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज' कार्यक्रम में भारत-पाकिस्तान सीमा तनाव और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सामने आई चुनौतियों पर खुलकर बात की गई। भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख (कैपेबिलिटी डेवलपमेंट एंड सस्टेनेंस) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन पाकिस्तान को भारत की तैयारियों और अग्रिम मोर्चों पर हमारी तैनाती को लेकर इनपुट दे रहा था। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने बताया, 'जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी तो पाकिस्तान को चीन से भारत के महत्वपूर्ण वैक्टर्स के लाइव अपडेट मिल रहे थे। चीन हमारी सैन्य गतिविधियों की लाइव जानकारी शेयर कर रहा था। डिप्टी चीफ के मुताबिक, पाकिस्तान के पास मौजूद 81 फीसदी सैन्य उपकरण चीनी हैं और इस ऑपरेशन ने चीन के लिए अपने हथियारों को परखने का एक 'लाइव लैब' ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### चीन और तुर्की हथियार और बाकी दूसरी सहायता मुहैया करा रहे थे

#### सेना के खुलासे के बाद चीन मुद्दे पर चर्चा कराए : जयराम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने कहा है कि सेना के खुलासे के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि आपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान की परोक्ष रूप से पूरी मदद की और चीन लगातार हमारे लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है इसलिए इसका सामूहिक सहमति से जवाब देने के लिए सरकार को चुप्पी तोड़नी चाहिए और इस मुद्दे पर संसद में चर्चा करानी चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने लेफ्टिनेंट जनरल सिंह की उस टिप्पणी का उल्लेख किया जिसमें जनरल सिंह ने पाकिस्तानी वायुसेना को चीन की तरफ से मिली मदद का उल्लेख किया है।

---

# रेत माफिया ने नायब तहसीलदार को कुचलने का प्रयास किया

**मैहर, रामनगर, देशबन्धु।** सतना जिले के मैहर तहसील अंतर्गत रामनगर विकासखंड के कुबरी गांव में शुक्रवार को रेत माफिया की दुस्साहसी हरकत सामने आई। नायब तहसीलदार रोशन रावत पर उस समय जानलेवा हमला किया गया, जब वे अवैध रेत परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को रोककर पूछताछ कर रहे थे। चालक ने अचानक ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन रावत सतर्कता दिखाते हुए कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहे।



अधिकारी पर वाहन चढ़ाने की कोशिश-जानकारी के अनुसार, नायब तहसीलदार रोशन रावत को कुबरी गांव में अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश मिला था। वे अपने स्टाफ के साथ गांव की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में रेत से लदा एक ट्रैक्टर संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। उन्होंने ट्रैक्टर रुकवाया और पूछताछ शुरू की, तभी ट्रैक्टर चालक रविंद्र और उसके सहयोगी नेपाली ने उन पर वाहन चढ़ाने की कोशिश की। गनीमत रही कि रावत समय रहते दूसरी दिशा में कूद गए और एक बड़ी दुर्घटना टल गई। घटना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, जानलेवा हमला और अवैध खनन के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। घटना से प्रशासनिक ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### कुबरी गांव की घटना, आरोपी साथियों सहित फरार

#### अवैध खनन का गढ़ बना कुबरी गांव

स्थानीय लोगों का कहना है कि मर्यादपुर चौकी क्षेत्र का कुबरी गांव लंबे समय से अवैध रेत खनन का गढ़ बना हुआ है। यहां से प्रतिदिन ट्रैक्टर और ट्रकों के माध्यम से बड़े पैमाने पर रेत का अवैध परिवहन होता है। घटना की सूचना जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम से फैली अन्य माफिया वाहन चालक सतर्क हो गए। कई ट्रैक्टर चालकों ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

---

# मुख्य सचिव पर अभद्र टिप्पणी, भाजपा नेता के खिलाफ़ मामला दर्ज

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की मुख्य सचिव शालिनी रजनीश के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने न केवल विधान परिषद अध्यक्ष बसवराज होरात्ती से भाजपा के परिषद सदस्य एन रवि कुमार के खिलाफ़ शिकायत की, बल्कि विधान सौध पुलिस थाने में भी शिकायत दर्ज कराई। दूसरी ओर कर्नाटक आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने भी श्री कुमार द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी की निंदा की। गौरतलब है कि रवि कुमार ने विधान सौधा में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा था कि 'मुख्य सचिव रात में राज्य सरकार के लिए काम करती हैं और दिन में मुख्यमंत्री के लिए।'

विधान परिषद में कांग्रेस के मुख्य सचेतक सलीम अहमद ने अध्यक्ष को दी गई अपनी शिकायत में कहा, 'कर्नाटक सरकार की मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत भारतीय प्रशासनिक सेवा की एक वरिष्ठ महिला अधिकारी शालिनी रजनीश के बारे में अपमानजनक, अभद्र और मानहानिकारक बयान देने के लिए सख्त आपत्ति जताते हुए विधान परिषद के सदस्य रवि कुमार के खिलाफ हम शिकायत दर्ज कराते हैं। इस तरह के बयान अधिकारियों के साहस और ईमानदारी को कमतर करते हैं। यह कृत्य संसद की आचार संहिता के नियमों के विरुद्ध है और महिला अधिकारियों के प्रति अनादर दर्शाता है।' श्री अहमद ने अध्यक्ष से अनुरोध किया कि वे इस मामले को गंभीरता से लें और रवि कुमार के खिलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई करें तथा 'विधान परिषद के नियमों और नैतिक दिशा-निर्देशों के अनुसार उनकी सदस्यता रद्द करें।' कर्नाटक के अतिरिक्त मुख्य सचिव गौरव गुप्ता, पंकज कुमार पांडे, खुशबू गोयल चौधरी और कावेरी बी बी सहित आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मुलाकात कर उन्हें एक पत्र सौंपा। ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

---

# चिकित्सा को मानव सेवा की पहचान देने वाले पद्मश्री डॉ. डाबर नहीं रहे

- 79 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस
- मुख्यमंत्री सहित अनेक राजनेताओं ने जताया शोक



**जबलपुर, देशबन्धु।** चिकित्सा को मानव सेवा के सरोकार से जोड़ने का अद्भुत काम करने वाले जबलपुर और म.प्र. सहित पूरे देश के गौरव डॉ. मुनीष चन्द्र डाबर नहीं रहे। उनकी मानव सेवा के जज्बे को सम्मानित करने के लिए देश ने डॉ. डाबर को पद्मश्री से सम्मानित किया। जबलपुर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस शख्सियत से विशेष मुलाकात की और चिकित्सा के माध्यम से उनकी मानव सेवा को प्रणाम दिया। डॉ. डाबर उन चिकित्सकों में शुमार हैं जिन्हें गरीबों का भगवान कहा जाता है। वह भी तब जब चिकित्सा पेशा लूटमार के लिए बदनाम हो रहा हो। ऐसे में महज 1-2 रुपए लेकर लोगों को बीमारियों से निजात दिलाना, उनकी प्राण रक्षा करना अनुकरणीय है।

पद्मश्री डॉ. डाबर ने 79 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उनके निधन से न केवल चिकित्सा जगत बल्कि उन्हें जानने और उनसे इलाज करा चुके लोगों के साथ सभी वर्गों में शोक की लहर दौड़ गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जबलपुर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा सहित अनेक राजनेताओं,वरिष्ठ चिकित्सकों, समाजसेवियों, संस्था ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

---

# मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद

- सुरक्षा बलों ने संवेदनशील इलाकों में चलाया अभियान
- कई अवैध हथियार, गोला-बारूद और उपकरण बरामद

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने राज्य के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों के दौरान कई अवैध हथियार, गोला-बारूद और उपकरण बरामद किए हैं।

पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि इन प्रयासों के तहत इंफाल पूर्वी जिले के इरिलबंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत बामोन कम्पू माखा लेइकाई क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए व्यक्ति के कब्जे से एक पिस्तौल, एक मैगजीन, जिंदा कारतूस, .32 मिमी के गोला-बारूद और 7.62 × 30 मिमी एके राइफल का एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार एक अलग अभियान में सुरक्षा कर्मियों ने चुराचंदपुर जिले के चुराचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत माओवोम गांव के पास एक जंगली इलाके से हथियारों और उपकरणों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। बरामद वस्तुओं में राइफल, पिस्तौल, एक लेथोड बंदूक और एक स्टेन कार्बाइन और देसी हथियार हैं। वहीं, 5.56 मिमी, 7.62 मिमी, 12 गेज सहित विभिन्न कैलिबर के जिंदा और खाली कारतूस तथा पंप-एक्शन हथियारों के गोला-बारूद भी जब्त किया गया। इसके अलावा, तलाशी के दौरान बुलेटप्रूफ जैकेट, हेलमेट, संचार उपकरण और जंगल के जूते जैसे अन्य उपकरण बरामद किए गए। बिष्णुपुर जिले के कुम्बी थाना के अंतर्गत वांगू नाओदाखोंग क्षेत्र में चलाए गए एक अन्य तलाशी अभियान में एक पिस्तौल, दो खाली मैगजीन और .32 मिमी के गोला-बारूद जब्त किया गया। अधिकारियों ने कहा कि ये अभियान कानून और व्यवस्था को बनाए रखने और नागरिक क्षेत्रों से अवैध हथियारों को हटाने के निरंतर प्रयास का हिस्सा हैं।

---

मेधावी विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप खरीदने राशि, मुख्यमंत्री ने कहा-

# अगले साल सीधे लैपटॉप दिए जाएंगे

### 15 साल में 4 लाख 32 हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिला प्रोत्साहन योजना का लाभ

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में 12वीं की परीक्षा में 75 फीसदी और उससे ज्यादा नंबर लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को आज लैपटॉप की राशि दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले प्रदेश के 94,234 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 235 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने मंच से 15 मेधावी विद्यार्थियों को लेपटॉप भी वितरित किए। उन्होंने खुद सेल्फी लेकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया।



इस मौके पर उन्होंने कहा कि छात्रों के परिवार लैपटॉप राशि को दूसरे कार्यों में खर्च कर देते हैं। ऐसे में हम कोशिश करेंगे कि अगले साल से सीधे अच्छी कंपनी के लैपटॉप दिए जाए। डॉ. यादव आज को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में लैपटॉप प्रोत्साहन राशि अंतरण के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कहा है कि शिक्षा मनुष्य के समग्र विकास की धुरी है और 'सबको शिक्षा' ही राज्य सरकार का विकास मंत्र है। डॉ. यादव ने कहा है कि योजना के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले जिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए राशि दी गई है, उनमें 60 प्रतिशत छात्राएं और 40 प्रतिशत छात्र शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी बेटियां चुनौतियों को पार करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। 15 साल पहले शुरू हुई इस योजना का लाभ अब तक 4 लाख 32 हजार से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को मिल चुका है।

कार्यक्रम में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल ने बताया कि लैपटॉप के तहत गत वर्ष की संख्या से इस वर्ष करीब 4500 से अधिक विद्यार्थी बढ़ गए हैं। यह तथ्य साबित करता है कि हमारे शासकीय स्कूलों में कितनी अच्छी और बेहतर तरीके से पढ़ाई कराई जा रही है। सांसद भोपाल आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, विष्णु खत्री, भगवानदास सबनानी, विधायक जबलपुर अभिलाष पांडे, महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय, आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी, शिक्षक, लैपटॉप के लिए प्रोत्साहन राशि पाने वाले विद्यार्थी और उनके परिजन भी उपस्थित थे। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदाय ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम रहा बेहतर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष शासकीय स्कूलों में बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट 52 प्रतिशत और निजी स्कूलों में 48 प्रतिशत रहा है। वर्ष 2025 में सरकारी स्कूलों के लगभग 49 हजार और निजी स्कूलों के 44 हजार से अधिक विद्यार्थियों को प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप का लाभ मिला है। यह योजना 2009 में शुरू की गई थी, तब 85 प्रतिशत प्राप्तांक की सीमा तय की गई थी और मात्र 5 सौ विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि बांटी गई थी, लेकिन आज प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की संख्या 94 हजार 234 हो गई है। राज्य सरकार ने बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर हाल ही में 15 हजार 600 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की है।

### इन 15 मेधावी विद्यार्थियों को मिला लैपटॉप

डॉ. यादव ने मेधावी विद्यार्थी मैहर जिले के प्रियल द्विवेदी (492 अंक), सतना जिले के हर्ष पाण्डे (490 अंक), रीवा जिले के अंकुर यादव (489 अंक), सीधी जिले के अभय सिंह (489 अंक), रीवा जिले के आर्यन पाण्डे जिला रीवा (488 अंक), शहडोल जिले की कुमारी हिना देवी (488 अंक), भोपाल जिले की कुमारी निशु पंडित (487 अंक), भोपाल जिले के प्रांजल कुशवाह (487 अंक), छिंदवाड़ा जिले के हरिओम साहू (486 अंक), डिण्डोरी जिले के रघुवीर गौतम (484 अंक), दमोह जिले की कुमारी गार्गी अग्रवाल (484 अंक), सीधी जिले के दिव्यांशु तिवारी (484 अंक) सतना जिले की कुमारी दीपिका सिंह (483 अंक), सीहोर जिले के पार्थ राठौर (483 अंक) एवं भिण्ड जिले की कुमारी योग्यता टंक (478 अंक) को मंच से लैपटॉप प्रदान किए। इन विद्यार्थियों ने कुल 500 अंकों में से ये अंक पाए हैं।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### मेंटेनेंसः आज इन क्षेत्रों में दोपहर में तीन घंटे नहीं मिलेगी बिजली

**इटारसी, देशबन्धु।** कल 5 जुलाई को पीपल मोहल्ला उपकेन्द्र से संचालित 11 केवी टाउन फीडर पर प्री मानसून मेंटेनेंस के कारण दोपहर में तीन घंटे विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। इस दौरान शहर के कुछ क्षेत्रों को बिजली नहीं मिलेगी। मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार 11 केवी टाउन फीडर की विद्युत आपूर्ति दोपहर 02. से 05 बजे तक प्री मानसून मेंटेनेंस के कारण बंद रहेगी। इस दौरान बंगाली कालोनी का कुछ क्षेत्र, पीपल मोहल्ला, मार्केट एरिया, स्टेशन के सामने वाला एरिया, पत्ती बाजार आदि क्षेत्र में बिजली नहीं मिलेगी।

### हॉकी नर्मदापुरम का गठन, तोमर अध्यक्ष, मलिक सचिव बनाए गए



**इटारसी, देशबन्धु।** हॉकी मध्यप्रदेश से संबद्ध हॉकी नर्मदापुरम का गठन किया गया है। संगठन में राजेन्द्र तोमर अध्यक्ष और साजिद मलिक को सचिव बनाया गया है। कोषाध्यक्ष पद की कमान सर्वजीत सिंघ सैनी के हाथों में दी गई है। हॉकी नर्मदापुरम की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष अश्वनी वर्मा नर्मदापुरम, इदरीश खान इटारसी, अश्वनी सरोज सोहागपुर, अजय अल्वर्ट इटारसी, सह सचिव अजीत राजपूत नर्मदापुर, सह कोषाध्यक्ष राजेश पंडित इटारसी और प्रवक्ता सुधांशु मिश्रा इटारसी को नियुक्त किया गया है।

### सांदीपनि हायर सेकेंड्री स्कूल के सात विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप की राशि



**इटारसी, देशबन्धु।** सांदीपनि हायर सेकेंडरी विद्यालय सुखतवा में प्रतिभाशाली विद्यार्थी योजना अंतर्गत लैपटॉप वितरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। विद्यालय के सात विद्यार्थियों को इस योजन का लाभ मिला है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्री कलमे, जनपद उपाध्यक्ष अर्चना मेहतो, मंडल अध्यक्ष सुशील बरखड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक साहू, युवा मंडल से अजय साहू, ट्रायबल विभाग से सहायक संचालक संजय द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आशा मौर्य, प्राचार्य प्रदीप सिंह राजपूत, जनप्रतिनिधि, विद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष कलमे ने विद्यार्थियों को परिश्रम और लगन से लक्ष्य हासिल करने हेतु प्रेरित किया। उपाध्यक्ष अर्चना मेहतो ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, ईमानदारी और सत्यता की ओर प्रेरित किया। सभी ने विद्यालय की समस्याओं को सुना व शिक्षकों की कमी को पूर्ण करने हेतु आश्वासन दिया। वर्तमान में गणित और अंग्रेजी विषय के शिक्षकों की व्यवस्था हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने जल्द ही रिक्त पदों पर व्यवस्था हेतु कहा है।

### कृषि में ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने पर रहा फोकस

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर में गुरुवार, 3 जुलाई को नवमी वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति (एसएसी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. टी.आर. शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों और संस्थानों के अधिकारी शामिल हुए। इनमें अनुविभागीय कृषि अधिकारी गोविंद मीणा, सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी डॉ. उपमा रावत, ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय सराठे, मत्स्य विभाग से अभिषेक कौरव, भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास के सहसचिव केशव माहेश्वरी, प्रबंधक धर्मेन्द्र गुर्जर, सदस्य विवेक माहेश्वरी और अनिल बरोलिया शामिल रहे।

अनुकरणीय पहलः शाला परिसर में पौधारोपण भी किए गए

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर स्कूल में भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिता

### अतिथियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें जीवन में सहकारिता के सिद्धांतों को अपनाने का संदेश दिया

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को स्थानीय जागृति विद्या निकेतन स्कूल मछेरा कला में सहकारिता बैंक और समितियों के सहयोग से विद्यार्थियों के बीच भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को पेन और कॉपी उपहार स्वरूप वितरित की गईं। कार्यक्रम के बाद स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया गया।कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक देवेंद्र शुक्ला, सुपरवाइजर मयंक तोमर, समिति प्रबंधक दिनेश पटैल, रामगोपाल चौकसे, सतेंद्र शुक्ला, जगदीश मिश्रा, सीताराम राय और सुरेश रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यार्थियों को सहकारिता के महत्व और उपयोग की जानकारी दी गई। बताया गया कि सहकारिता का अर्थ मिलकर काम करना और एक-दूसरे की मदद करना है।



उदाहरण के रूप में कृषि में किसानों की सहकारी समितियां, दूध उत्पादन में अमूल जैसी संस्थाएं और सहकारी बैंकों की भूमिका बताई गई, जो किसानों और आम लोगों को सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराते हैं। बच्चों ने सहकारिता के महत्व पर सुंदर भाषण दिए और अपनी समझ साझा की। अतिथियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें जीवन में सहकारिता के सिद्धांतों को अपनाने का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष जुलाई के पहले शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस एकता और सहयोग का संदेश देने के लिए मनाया जाता है।

वरिष्ठ अधिकारियों से बिना पूछे एक्शन लेना भारी पड़ गया

## बड़े पैमाने पर तबादले से गहराया स्टाफ संकट, उमरधा चौकी भी प्रभावित, नए आए दो जवान निलंबित



**बनखेड़ी, देशबन्धु।** जिले में पुलिस बल के पुनर्गठन के तहत बनखेड़ी थाना क्षेत्र में बड़ा बदलाव हुआ है। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर नर्मदापुरम एसपी ने 16 जून को 312 पुलिसकर्मियों के तबादले के आदेश जारी किए, जिसमें बनखेड़ी थाने से एक साथ 11 पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर किया गया। इसके बाद 3 जुलाई को 3 अन्य पुलिसकर्मियों को रक्षित केंद्र नर्मदापुरम अटैच किया गया। इस क्रम में नया स्टाफ आने के बावजूद पुलिस बल की संख्या अब भी कम है। वहीं, जिन दो आरक्षकों को नई पोस्टिंग में बनखेड़ी भेजा गया, वे पुराने विभागीय मामलों के चलते 1 जुलाई को निलंबित हो गए, जिससे थाने की स्थिति और गंभीर हो गई है।

### 136 गांवों वाले थाना क्षेत्र में स्टाफ की भारी कमी

बनखेड़ी थाना क्षेत्र में 136 गांव आते हैं, जिनमें शहरी क्षेत्र के साथ दूरदराज के आदिवासी व ग्रामीण अंचल भी शामिल हैं। ऐसे में इतने बड़े क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भरपूर पुलिस बल की आवश्यकता है। लेकिन वर्तमान में थाने में स्टाफ की संख्या जरूरत से काफी कम है।

**उमरधा चौकी भी कर रही स्टाफ की कमी का सामना:**-बनखेड़ी थाना क्षेत्र में स्थित उमरधा चौकी भी लंबे समय से पुलिसकर्मियों की कमी से जूझ रही है। चौकी में कोई स्थायी पुलिस बल नहीं है, जिसके चलते यहां सुरक्षा व्यवस्था का दायित्व भी बनखेड़ी थाना के सीमित बल को ही उठाना पड़ता है।

### कहानी कुछ और है...

सूत्रों के मुताबिक दिल्ली से आए सराफा व्यापारी से बिना वरिष्ठ अधिकारियों की जानकारी के पूछताछ करना जिले के 4 पुलिस के आरक्षकों को महंगा पड़ गया। जिसमें बनखेड़ी थाना के दो पुलिसकर्मी शामिल है। जानकारी के अनुसार, मामला 30 जून की रात का है, जब दिल्ली से सोना लेकर आए व्यापारी रविंद्र वर्मा नर्मदापुरम की पुष्पक लॉज में ठहरे थे। इसी दौरान बनखेड़ी थाने के आरक्षक रामेश्वर उईके और गौरव तिवारी, कोतवाली थाना के आरक्षक विपिन ठाकुर और साइबर सेल के आरक्षक अभिषेक बिना अनुमति के दूसरे थाना क्षेत्र में पहुंचकर व्यापारी से पूछताछ करने गए हुए थे। शिकायत के बाद एसपी डॉ. गुरकरन सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चारों पुलिसकर्मियों को तत्काल सस्पेंड कर दिया और एसडीओपी पराग सैनी को जांच सौंपी। जिसके आधार पर चारों पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है।

### स्थानांतरण सूची में शामिल पुलिसकर्मी

एएसआई मुकेश नामदेव माखन नगर
प्रधान आरक्षक संभाजी राव बाबई
आरक्षक ओमप्रकाश झरिया, संदीप चौधरी, नंदकिशोर रजक सोहागपुर थाना
आरक्षक रमेश डूडंवे नर्मदापुरम
प्रियंका सोनी, आशीष कौरव स्टेशन रोड पिपरिया
राहुल जैन पचमढ़ी
निलेश कीर, देवेंद्र जाट रक्षित केंद्र नर्मदापुरम
नए आए दो आरक्षक निलंबित-
बनखेड़ी थाना के लिए भेजे गए दो नए आरक्षक गौरव तिवारी और रामेश्वर उईके को पुराने विभागीय मामलों में 1 जुलाई को निलंबित कर दिया गया। इससे उपलब्ध स्टाफ की संख्या और घट गई।

### थाना प्रभारी बोलेः



> थाने में लंबे समय से सेवा दे रहे 12-13 लोगों का स्थानांतरण हुआ है। उनकी जगह पर अभी सिर्फ 10 लोगों का स्टाफ आया है। स्टाफ कम होने से कार्य दबाव ज्यादा है। उमरधा चौकी में भी स्टाफ की भारी कमी है, वहां की व्यवस्था भी मुख्य थाने से ही संभालनी पड़ती है।

**सुधाकर बारसकर, थाना प्रभारी, बनखेड़ी**

**स्थानीय चिंता और मांग:**-बनखेड़ी थाना और उससे जुड़ी उमरधा चौकी में स्टाफ की यह कमी कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है।

### एक जर्जर मकान ढहाया, चार मालिकों को खुद गिराने के लिए दिया गया समय



**इटारसी, देशबन्धु।** नगर पालिका के दल ने आज बालाजी मंदिर एरिया में एक जर्जर मकान को जेसीबी मशीन से ढहा दिया, चार अन्य ऐसे मकान के मालिकों को स्वयं ढहाने के लिए मांगने पर वक्त दिया गया है। बता दें कि नगर पालिका इन लोगों को पूर्व में अपने मकान गिराने का नोटिस दे चुकी थी।
जब नोटिस की समयावधि पूरी हुई तो आज नगर पालिका के दल ने पहुंचकर बाजाजी मंदिर चौराह पर मुन्नालाल चौहान का मकान गिराया है। इसी क्षेत्र में अभिषेक को चौबीस घंटे का वक्त दिया है, जो स्वयं इसे गिराएंगे। इसी तरह से अनिल कुमार शुक्ला मालवीयगंज के मकान में किरायदार निवासरत है, भवन मालिक को स्वयं तोड़ने निर्देशित किया है। इसी दौरान मनजीत सिंह अमरीक सिंह ने स्वयं तोड़ने के लिए कहा, जिसे तोड़ने को कहा गया। मांगीलाल जैन ने सात दिनों के भीतर मकान की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है।

### अंजुमन कमेटी ने स्कूल में सुविधा विस्तार पर की गंभीर चर्चा, पौधारोपण भी किया

**इटारसी।** आज 4 जुलाई को दोपहर अंजुमन हाल में अंजुमन कमेटी की बैठक में अंजुमन स्कूल को लेकर चर्चा हुई। इस संबंध में उपस्थित लोगों ने स्कूल में सुधार एवं छात्र-छात्राओं को सुविधा मुहैया कराने जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। बैठक में कई लोगों के सुझाव आये कि अंजुमन स्कूल में एक पुस्तकालय प्रारंभ किया जाए। इस अवसर पर अंजुमन स्कूल में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर र कमेटी के सदर मो. अयूब खान, नायब सदर जाफर सिद्दीकी, सचिव रईस कुरैशी, कोषाध्यक्ष मोहम्मद रफीक खान, अब्दुल रशीद कुरैशी, महबूब खान, शेख जावेद के अतिरिक्त जामा मस्जिद के सदर शकील अहमद, जमील खान, सफीक खान, याकूब खान, आदि उपस्थित थे।

## मेधावी विद्यार्थियों को हर स्तर पर प्रोत्साहित कर रही सरकारः विधायक नागवंशी



**बनखेड़ी, देशबन्धु।** शासकीय टैगोर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनखेड़ी में शुक्रवार को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशभर के 94 हजार से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को सिंगल क्लिक के माध्यम से लैपटॉप खरीदने हेतु राशि अंतरित की और वर्चुअल संबोधन भी किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें मेधावी विद्यार्थियों को हर स्तर पर प्रोत्साहन देने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल वितरण योजना, छात्राओं को स्कूटी वितरण, लैपटॉप वितरण सहित कई योजनाओं से विद्यार्थियों को पढ़ाई के संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।
पढ़ाई में अव्वल छात्रों को फीस की भी चिंता नहीं करनी पड़ती, सरकार निजी और शासकीय संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की फीस जमा करने का काम कर रही है। इस अवसर पर नप अध्यक्ष हरीश मालानी, मंडल अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य भागवती रमेश पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।
बीईओ प्रभारी हिमांशु बड़कुर ने बताया कि बनखेड़ी विकासखंड में शासकीय एवं निजी स्कूलों के 219 मेधावी छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में लैपटॉप खरीदने के लिए सहायता राशि जमा की गई है।
कार्यक्रम में डमी चेक प्रदान कर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीईओ प्रभारी हिमांशु बड़कुर प्राचार्य जेपी मेहरा, पलाश शुक्ला, संजीव मालानी, हेमराज मुख्तयार, मुकेश सराठे, रमेश पटेल, सरवन कुशवाहा, प्रताप जावरे, स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### स्व.शुक्ला की पुण्यतिथि पर लल्लू भैया फाउंडेशन ने वितरित किए 500 फलदार पौधे

**बनखेड़ी।** विकासखंड के ग्राम सुरेला रंधीर में शनिवार को ग्रामवासियों ने समाजसेवी स्वर्गीय सुरेश कुमार शुक्ला लल्लू भैया की 20वीं पुण्यतिथि श्रद्धाभाव से मनाई। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्व. शुक्ला की स्मृति में गठित लल्लू भैया मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा ग्राम के प्रत्येक परिवार को आम, चीकू, अमरूद, जामुन, नींबू, आंवला, कटहल सहित लगभग 500 फलदार पौधों का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने पौधों की देखरेख व संरक्षण का संकल्प लिया, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी लाभ पहुंचेगा। इस अवसर पर पुखराज सिंह जूदेव, राजेन्द्र बसेड़िया, रसिकबिहारी बसेड़िया, गोपाल उपाध्याय, शाला प्राचार्य, महेंद्र शुक्ला, रविन्द्र शुक्ला, धर्मेंद्र दुबे, देवेंद्र शुक्ला, मुनीम पटेल, पुरषोत्तम कटारे, नन्हा यादव, चंदन लोधी, अमर सोलंकी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### डीआरएम ने किया नर्मदापुरम-पवारखेड़ा खंड का निरीक्षण, इटारसी स्टेशन की व्यवस्था देखी



**इटारसी।** भोपाल रेल मंडल के प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के नेतृत्व में रेलवे की टीम ने आज नर्मदापुरम से पवारखेड़ा-इटारसी रेल खंड का सघन निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य रेलवे संरक्षा, संरचना और परिचालन मानकों की गहन समीक्षा करना था।श्री त्रिपाठी ने नर्मदापुरम स्टेशन की संरक्षा व्यवस्थाओं, यात्री सुविधाओं एवं परिचालन से जुड़े विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। टावर वैगन से नर्मदापुरम से पवारखेड़ा-जुझारपुर-पवारखेड़ा खंड में अप एवं डाउन फ्लाईओवर लाइनों की स्थिति, संरचना की मजबूती, मिट्टी कटाव को रोकने एवं तकनीकी मानकों का बारीकी से अवलोकन किया। मंडल रेल प्रबंधक पवारखेड़ा होते हुए इटारसी स्टेशन पहुंचे, जहां स्टेशन की परिचालन गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्रू लॉबी में लोको पायलट से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और संरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) ऋतुराज शर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (दक्षिण) अभिषेक मिश्रा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (टीआरडी) अमित पटेल, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (सामान्य) संजय मानोरिया, उप मुख्य अभियंता (निर्माण) प्रथम नितिन वर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (कर्षण परिचालन) सचिन शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेटा गया वैष्णोदेवी दर्शन करने, पिता-पत्नी दुकान पर, घर में घुसा चोर



**इटारसी, देशबन्धु।** चयन कॉलोनी में एक सूने मकान से अज्ञात चोर ने ढाई लाख रुपए नगदी और पुराने इस्तेमाल के जेवर उड़ा लिये। हालांकि पुलिस का कहना है कि बच्चों ने बताया कि बैग छोड़ गया और कुछ चोरी नहीं हुआ है। पिता का कहना है कि उनका बेटा वैष्णोदेवी दर्शन करने गया है, तो उसके कमरे में हुई चोरी का अभी पता नहीं चल सका है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला का कहना है कि चोर बैग वहीं छोड़कर गया है, सीसीटीवी फुटेज में अपने साथ कुछ ले जाता भी नहीं दिखा है। चयन कॉलोनी निवासी श्याम शंकर तिवारी के यहां चोरों ने 3 जुलाई को रात 8 से 9 बजे के बीच चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सीसीटीवी में एक चोर दिखाई दिया है। तिवारी के अनुसार बैंक से ढाई लाख रुपए निकाले थे, जो चोर ले गये और पुराने जेवर थे। बेटे मनोहर तिवारी के कमरे से क्या गया है, वह उनके आने के बाद ही पता चल सकेगा, वे वैष्णोदेवी दर्शन करने गये हैं। घर सूना था, श्यामशंकर तिवारी और उनकी बहू पुरानी इटारसी स्थित दुकान पर थे, जबकि बच्चे कोचिंग गये थे।

### पुलिस का कहना

टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने कहा कि वे जब गये थे तो उनको यह बताया कि बैग मिल गया है और कुछ भीइसलिए वे बता नहीं पा रहे हैं। आज जब मीडिया ने बात की तो वे ढाई लाख बताने लगे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास सीसीटीवी फुटेज है, जिसमें वह उतर रहा है।

## बीज कलश बनाकर चलाया अभियान, 20 हजार सीड बॉल बनाकर पर्यावरण सहेजने की पहल

**इटारसी, देशबन्धु।** सोनासांवरी नाके के पास रहने वाली शिक्षिका श्रीमती शिवकुमारी पटेल अपने प्रयासों से पिछले 10 वर्षों से विभिन्न फलदार बीजों को एकत्र कर उनसे सीड बॉल बनाने का कार्य कर रही हैं। अब उन्हें सामाजिक संस्थाओं एवं लोगों का सहयोग भी प्राप्त होने लगा है। पर्यावरण मित्र शिक्षिका श्रीमती शिवकुमारी पटेल ने गत वर्ष 5000 से अधिक सीड बॉल तैयार किए थे। उनका कहना है कि इस साल 20 हजार सीड बॉल तैयार करके उन्हें उचित स्थान पर रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
वे बताती हैं कि सोनासांवरी नदी के किनारे से मिट्टी लाने का काम वे स्वयं करती हैं। बीज एकत्र करने की उन्हें हमेशा से ही रुचि रही है। इसलिए बीज एकत्र करने का कार्य वे साल भर जारी रखती हैं। श्रीमती पटेल ने बताया कि उनके सीड बॉल बनाने की बात पता लगने पर उन्हें शहर के पर्यावरण प्रेमी लोगों एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का सहयोग बीज एकत्र करने एवं उन्हें रोपने में प्राप्त होने लगा है। पहले जहां वे 100 से 200 सीड बॉल बना पाती थी। इस साल उनके पास आम, जामुन, रामफल, सीताफल,



बील, बेर, लीची, चीकू, अनार, आंवला, अमरूद, अमलतास, गुलमोहर, पीपल, इमली, करंजी, नीम, मीठी नीम, मुनगा, कपास, अर्जुन, चक्रफूल, बबूल, अशोक, पारिजात, छींदा, पपीता, कदंब, मौसंबी के 1 लाख से अधिक बीज एकत्र हो गए हैं जिसके 15 हजार सीड बॉल वे बना चुकी हैं। एक सप्ताह में और भी 5 हजार सीड बॉल वे बना लेंगी। इस पूरे अभियान में उन्हें पर्यावरण मित्र छाया शुक्ला, मनीषा सोनार, कमला चौहान,नंद किशोर, बृजमोहन सिंह सोलंकी, सौरभ दुबे, साइक्लिंग ब्रदर्स इटारसी ग्रुप का बीज एकत्रीकरण एवं रोपण में विशेष सहयोग मिला है। भी फल के बीज को धोकर, धूप में सुखाकर आपको बीज-कलश में एकत्र करते रहना है। संस्था के सदस्यों को आपको यह बीज उपलब्ध कराना है। बीज-कलश मंच के द्वारा वितरित भी किये जा रहे हैं एवं आप स्वयं भी घर पर बना सकते हैं।

### फ्री नर्सरी से उपलब्ध होंगे पौधे

श्रीमती पटेल ने कहा कि बीज उपलब्ध होने से उन्होंने नर्सरी तैयार कर ली है। जहां से लोगों को मुफ्त में पौधे उपलब्ध कराए जा सकें। इसके लिए उनकी टीम सभी लोगों में जागरूकता पैदा कर रहे हैं कि वे फलों के बीज फेंकें नहीं हमें उपलब्ध करा दें। पौधे बनाकर हम मुफ्त में पर्यावरण प्रेमियों को देंगे।

### ऐसे बनती है सीड बॉल

सीड बॉल या मिट्टी के लड्डू से बीज स्वतः अंकुरित होकर जमीन में स्थाई हो जाता है। इस तकनीकी से हर प्रकार के पौधे तैयार किए जा सकते हैं। सीड बॉल बनाने के लिए खेत की मिट्टी में एक चौथाई बालू व उतनी ही मात्रा में गोबर खाद को मिलाकर आटे की तरह गूंथ लेना चाहिए। उसके बाद बीज के आकार के हिसाब से मिट्टी लेकर उसमें बीज को भरते हुए लड्डू जैसा गोला बनाएं। लड्डू बनने के बाद छाए में सुखा लें। इसके बाद खाली स्थान पर रोप दें। बारिश की नमी मिलते ही बीज अंकुरित हो जाएगा।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हेमन्त को दी बधाई, स्वागत किया

**आमला, देशबन्धु।** बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल को भारतीय जनता पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर आमला सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल है। 6 जुलाई को बैतूल आगमन होना है। जिसकी तैयारियों में जिले के साथ आमला के चौक-चौराहों पर भव्य स्वागत की तैयारियां हो रही है। अध्यक्ष बनने पर जनपद चौक आमला में भाजपा कार्यकर्ता एकत्र होकर जमकर आतिशबाजी की और भारत माता की जय, बीजेपी जिंदाबाद, हेमंत खंडेलवाल जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नर्मदापुरम संभाग प्रभारी व सोशल मीडिया प्रमुख नितिन खातरकर ने कहा कि हेमंत भैया का प्रदेश अध्यक्ष बनना बैतूल जिले के लिए गौरव की बात है। यह एक ऐसा स्वर्णिम अवसर है, जो इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। यह हेमंत युग की शुरुआत है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के साथ ही हेमंत खंडेलवाल ने बैतूल जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन कर दिया है। कार्यकर्ताओं और जनता में उनके नेतृत्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।



### कालीबाड़ी के लिए भूमि दान करने पर जताया आभार, अनुकरणीय हैं



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कालीबाड़ी निर्माण के लिए भूमि दान करने पर शहर के गणमान्य नागरिकों ने समेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर और जगन्नाथ मंदिर के ठाकुर राजा डा आशुतोष शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डा शर्मा द्वारा शहर में धर्म के क्षेत्र में जो कार्य कराए जा रहे हैं वे निश्चित की प्रशंसनीय और अनुकरणीय हैं। उनका आभार व्यक्त करने वालों में विधायक विजयपाल सिंह, साधना मित्रा, अनिमेष चटर्जी, सुभाष घोष, प्रवीर दत्ता, आशीष घोष, डा राहा परिवार, सुब्रत गुप्ता, प्रकाश चंद्र उपाध्याय, सुनील रघुवंशी, संजीव डे राय, संजय सेलट, परितोष शर्मा, प्रेरणा रावत सहित अन्य लोग शामिल हैं।

### अवैध शराब पर चला प्रशासन का हंटर

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में आबकारी विभाग के दल ने गुरूवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने हरदा के खेड़ीपुरा व टंकी मोहल्ला, ग्राम झुण्डगांव, नकवाड़ा, सिरकम्बा, मगरधा, भवानी ढाबा दुलिया व गौर ढाबा आलमपुर में दबिश दी। दबिश के दौरान 20 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 27 पाव देशी शराब, 11 पाव अंग्रेजी शराब एवं 230 किलो महुआ लाहन जप्त कर कुल 9 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 31,555 रुपये है।

### आईटीआई में रोजगार मेल 'युवा संगम 10 जुलाई को लगेगा

**हरदा, देशबन्धु।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले ''युवा संगम'' का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला 10 जुलाई को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जायेगी।

---

प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रतिभा प्रोत्साहन योजना में हरदा जिले के 652 विद्यार्थियों के खाते में लैपटॉप की राशि अंतरित

# विद्यार्थी समाज एवं राष्ट्र के पुनरुत्थान के लिये पढ़ाई करें : सारंग



**हरदा, देशबन्धु।** सहकारिता और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री और हरदा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि विद्यार्थी समाज एवं राष्ट्र के पुनरूत्थान के लिये अध्ययन करें। मंत्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में अनेक विकास कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि यह बडी प्रसन्नता की बात है कि आज प्रदेश के 94,234 बच्चों के खाते में लगभग 235 करोड़ रुपये की राशि लेपटॉप के लिये जमा की जा रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष लेपटॉप प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। यह हमारी बेहतर शिक्षा और व्यवस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर मध्यप्रदेश को स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाना है। मंत्री सारंग शुक्रवार को हरदा जिले के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय लेपटॉप वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के जरिये प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत विद्यार्थियों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से लेपटॉप की राशि अंतरित की। इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने हरदा जिले के लेपटॉप की राशि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों प्रोत्साहित करते हुए राशि से लेपटॉप की खरीदने को कहा। इस योजना से अन्य विद्यार्थी भी प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरन्तर विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य देश को विश्व में बेहतर बना सकते हैं। विद्यार्थी पढाई कर देश के विकास में योगदान दें। उन्होंने कहा कि पढाई केवल पैसा कमाने, घर एवं कॅरियर बनाने के लिये नहीं करें बल्कि देश और समाज के पुनरूत्थान के लिये करें। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती राजू कमेडिया, उपाध्यक्ष नगर पालिका हरदा अंशुल गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक संजय शाह, बाल अधिकार आयोग सदस्य अनुराग पाण्डे, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक बलवन्त पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### प्रभारी मंत्री ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत लेपटॉप की राशि वितरण कार्यक्रम में प्रदेश के 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लेपटॉप के लिये 235 करोड 58 लाख 50 हजार रूपये की राशि अंतरित की। इस अवसर पर हरदा जिले के 652 विद्यार्थियों के खाते में राशि अंतरित की गई। प्रभारी मंत्री ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रतीक स्वरूप जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थी दीपिका परते, तोशिफा शेख, तरन्नुम शेख, प्रिया प्रजापति, रिया प्रजापति, प्रमती चौहान, रानू बरखडे, निकिता कौशल, मयंक बुंदेल, राहुल मालवीय व पीयूष मात्रे को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से चर्चा भी की। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया।

### हरदा एवं टिमरनी के इंडोर स्टेडियम का किया लोकार्पण

सारंग ने कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा निर्मित हरदा एवं टिमरनी के इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण भी किया। प्रत्येक इंडोर स्टेडियम की लागत 1.69 करोड रुपये है। मंत्री ने कहा कि इन इंडोर स्टेडियम से खिलाडियों को बेडमिंटन, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, जिम, जिम्नास्टिक जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। मंत्री सारंग ने कहा कि यह स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं को महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेंगे।

---

मेडिकल संचालक पर हए हमले का विरोध

## सर्व ब्राम्हण समाज ने सौपा ज्ञापन, जताई नाराजगी और सख्त कार्रवाई की मांग की



**पिपरिया, देशबन्धु।** शहर के एक चिकित्सा व्यापारी पर जानलेवा हमले के विरोध में ब्राह्मण समाज ने शुक्रवार को एक ज्ञापन एसडीओपी पिपरिया को सौंपा। जिसमें आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शहर के पचमढ़ी रोड स्थित राघव मेडिकल संचालक रोहित रिछारिया एवं कर्मचारी पर बीते दिनों कुछ बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया था। जिसके विरोध में सर्व ब्राह्मण समाज ने आज एसडीओपी मोहित कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। ब्राह्मण समाज ने कहा कि क्षेत्र में गुंडागर्दी लगातार बढ़ रही है, जिससे आम नागरिकों का रहना मुश्किल हो रहा है। आए दिन इस तरह की घटनाओं लोग दहशत में है। राघव मेडिकल संचालक रोहित रिछारिया की दुकान में घुसकर जबरन उस पर जानलेवा हमला किया गया। ऐसे आदतन अपराधियों पर पुलिस को सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। जिससे आम व्यक्ति चैन से जी सकें। साथ ही सर्व ब्राह्मण समाज ने एसडीओपी से मांग की है कि स्टेशन रोड थाने के रवैये पर कड़ी कार्यवाही की जाए और इस प्रकरण में गंभीर अपराध की धाराओं को जोड़कर आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की जाए। सामाजिक बंधुओं ने कहा कि इस घटना में छह से सात आरोपी शामिल थे। जिन्होंने दुकान में घुसकर हमला किया। जो एक गंभीर अपराध है। समाज ने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। इस दौरान ब्राम्हण समाज के करीब 100 से अधिक लोग थाना पहुंचे।

### पुलिस रिकार्ड से...

पुलिस के अनुसार इस घटना में अपराध क्रमांक - 235/25 धारा - 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी मलखान रघुवंशी, सौरभ रघुवंशी, शेखर रघुवंशी, पीयूष रघुवंशी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया ।

### कृषि विभाग के दल ने फसलों का निरीक्षण कर किसानों को दी सलाह

**हरदा देशबन्धु।** कृषि विभाग के संयुक्त दल ने शुक्रवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्र पलासनेर, केलनपुर, खामापड़वा, सुखरास एवं नीमगांव में फसलों का निरीक्षण कर किसानों को सलाह दी। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान किसानों को मक्का में सैनिक कीट के नियंत्रण के लिये दानेदार दवाई थायोमेथॉक्सामक्लोरोएंट्रीनीलीप्रोल, 2.5 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से 4-6 दाने मक्का की पिंगली में तथा परनिया छिड़काव करने की सलाह दी गई। इसके अलावा सोयाबीन और मक्का के लिए फफूंदनशी टेब्यूकेनोजोलसल्फर, 400 ग्राम प्रति एकड़ छिड़काव करने के लिये सलाह दी गई। संयुक्त दल में अनुविभागीय अधिकारी कृषि सुश्री रचना पटेल, सहायक संचालक रामकृष्ण मंडलोई, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमति संगीता डावर, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमति नेहा बराडे एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एम.के. बंकोलिया शामिल थे।

## नगर का प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल स्कूल बच्चों को बना रहा बहुमुखी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** बच्चों में अंतनिर्हित योग्यता को पहचानकर उसे पहचानना और उसे अभीष्ट प्राप्ति की ओर ले जाना निश्चत ही प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल स्कूल अपने कार्य में पूर्णतः सिद्ध हुआ है। एक विद्यार्थी में चाहे जितना भी ज्ञान हो यदि उसमें नैतिक शिक्षा का अभाव है तो सब बेकार हो जाता है। हर माता-पिता अपने बच्चों को अच्छा संस्कार और अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं ताकि वह आगे चल कर सफल हो सकें, समाज में सम्मान हासिल कर सकें। इसलिए अच्छे संस्कार बचपन से डाले जाने चाहिए। अगर विद्या सफलता की चाबी है, तो नैतिक शिक्षा सफलता की सीढ़ी है। प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल स्कूल विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों के विकास हेतु धामिक, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय त्योहारों का आयोजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियां होती है। विद्यालय उत्कृष्ट शिक्षा के साथ वो सभी सुविधाएँ प्रदान करता है जिसकी पालक कल्पना करते है प्राकृतिक सौंदर्य के बीचों बीच स्थित विशाल भवन व विशाल हवादार अध्ययन कक्ष, आरामदायक व आकर्षक बैठक व्यवस्था, ई-क्लास, ज्ञानवर्धक खिलौने, एक्टिविटी हॉल, ओडियो विडियो रूम, कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब, लाइब्रेरी, अंग्रेजी भाषा विकास, हस्तलिपि सुधार, लेखन गति विकास, उच्चारण क्षमता विकास, वाद विवाद व भाषण का अभ्यास,स्किल क्लास, रिजनींग, देवलोपमेंट, परसोनालीटी देवलोपमेंट की कक्षाये नर्सरी से 12वी तक कक्षाएं, विषय- मैथ्स, साईस, बायोलॉजी, कॉमर्स विथ कम्प्यूटर, पीएचइ, आइपी, अग्रिकल्चर, उमानीति, म्यूजिक, आर्ट, डांस, क्राफ्ट, डाईंग, पेंटिंग, योग, कराते, प्ले आर्ट आदि पालकों को पसंद आ रही है। इसके साथ ही 10-12वी के विद्यार्थियों हेतू कैरियर काउन्सिलिंग स्टेस मेनेजमेंट ,पर्सनालिटी डेवलपमेंट क्लासेस का आयोजन किया जाता है। विद्यालय में खेल मैदान में खेलों के प्रशिक्षण की उचित व्यवस्था है। स्कूल बैंड, ईको क्लब, कराते, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केट बॉल , टेबल टेनिस,फुटबॉल , योग , पिरामिड निर्माण आदि का प्रशिक्षण छात्रों मे सामंजस्य की भावना के विकास में सहायक है।

## विद्यार्थियों को मिला सम्मान, 25 हजार की प्रोत्साहन राशि वितरित




**सोहागपुर/माखननगर, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत विवेकानंद एकेडमी सोहागपुर और शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल माखननगर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि ठाकुर विजयपाल सिंह ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75त्न या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ?25,000 की राशि लैपटॉप क्रय हेतु प्रदान किया इस दौरान विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने बच्चों को राशि वितरित करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामनाएं एवं शुभकामनाएं दीं, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर देश के भविष्य अर्थात बच्चों के लिए कार्य कर रही है जिससे शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम संदीपनी स्कूल है, इसी प्रकार अनेकों योजनाएं संचालित हैं जिनसे स्कूल पढ़ने वाले बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है। यह राशि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए तकनीकी रूप से उन्हें सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। लैपटॉप के लिए राशि मिलने के बाद छात्रों के चेहरे पर आत्मविश्वास और प्रसन्नता की झलक स्पष्ट देखी गई।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण, लिया संकल्प

सोहागपुर के विवेकानंद परिसर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सुंदर संदेश देते हुए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। सोहागपुर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, नगर परिषद उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, वरिष्ठ समाजसेवी विजय छाबड़िया, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी कुमार सरोज, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीरज यादव, मंडल महामंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंडल महामंत्री गोविंद मेहरा , पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल गहरैया उपस्थित थे वही माखन नगर में माखन नगर के मंडल अध्यक्ष निखिलेश चतुर्वेदी, नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश गर्ग, आर्य मंडल अध्यक्ष एवं रामपुर मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी कार्यकर्ता शिक्षक शिक्षकों और छात्र उपस्थित थे इन सभी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक गरिमामयी बना दिया।

### श्री समर्पण श्री संस्था नगर प्रशासन की सतबुद्धि हेतु अनोखे तरीके से करेगी विरोध प्रदर्शन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** श्री समर्पण श्री संस्था लगातार जन हितकारी मुद्दों को लेकर नगर पालिका प्रशासन से अलग-अलग तरीकों से अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रही है इन सब के बावजूद भी नगर प्रशासन द्वारा जनहितकारी मुद्दों पर कोई भी ठोस कदम नहीं उठा और ना नगर में किसी प्रकार के हमारी मांगों को लेकर कार्य दिख रहा है संस्था के स्वदेश सैनी ने बताया कि पिछले तीन महीने से हम लगातार नगर की मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर प्रशासन से मांग कर रहे हैं इसके बावजूद भी हमारी मांगों पर कोई काम नहीं किया जा रहा है इसके विरोध में हम आज शाम 4 ,30 बजे सेठानी घाट पर नगर प्रशासन की सद्बुद्धि हेतु मां नर्मदा से प्रार्थना करेंगे जल्द हमारी मांगों पर काम हो ऐसी मां नर्मदा से प्रार्थना कर नगर में आम नागरिकों को जल्द से जल्द इन सारी सुख सुविधाओं का फायदा हो ऐसा मां से निवेदन करें।

## खिरकिया का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहाल, बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे नागरिक




**खिरकिया, देशबन्धु।** विकास के दावों के बीच खिरकिया का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदहाली की मिसाल बन गया है। यहां स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति इतनी दयनीय है कि नागरिकों को समय पर उपचार मिलना तो दूर, बुनियादी जांच तक कराना एक बड़ी चुनौती बन गया है। स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे और सोनोग्राफी मशीनें तो हैं, लेकिन इनका संचालन लगभग ठप है। तकनीकी स्टाफ की भारी कमी और व्यवस्थागत लापरवाही के चलते आम नागरिकों को इन मशीनों का लाभ नहीं मिल पा रहा। सबसे गंभीर स्थिति गर्भवती महिलाओं की है, जिन्हें जांच व प्रसव संबंधी सेवाओं के लिए या तो महंगी निजी पैथोलॉजी लैब्स का रुख करना पड़ता है या फिर हरदा और खंडवा जैसे दूरस्थ शहरों की यात्रा करनी पड़ती है। लेडी डॉक्टर की नियुक्ति की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। जनप्रतिनिधियों की बेरुखी और जिम्मेदार अफसरों की उदासीनता ने खिरकिया के नागरिकों का विश्वास डगमगा दिया है। जनता ने कई बार ज्ञापन सौंपे, आंदोलन किए, लेकिन नतीजा सिफर रहा। क्षेत्र के नागरिक अब यह कहने को मजबूर हैं कि खिरकिया का स्वास्थ्य केंद्र जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और सरकारी अनदेखी का शिकार हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि, आज जब देशभर में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और सुपर स्पेशलिटी सुविधाओं की बात की जा रही है, तब खिरकिया जैसे कस्बे में एक सामान्य लेडी डॉक्टर और एक चालू सोनोग्राफी सेवा तक उपलब्ध नहीं होना अपने आप में एक चिंताजनक विडंबना है। अब जरूरत इस बात की है कि जनप्रतिनिधि मौन न रहें, जवाब दें और खिरकिया की स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाएं।

## नपा ने शुरू किया सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान






**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के निर्देशन में एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के नेतृत्व में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान चलाया जा रहा है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान अंतर्गत जल जनित एवं वैक्टर जनित संक्रामक बीमारियों की रोकथाम/बचाव हेतु निकाय स्तर पर निरंतर संचालित समग्र स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर आधारित विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

नपा के सतीश यादव ने बताया कि स्वच्छता प्रभारी दीक्षा तिवारी एवं स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी इस कार्य की मानीटरिंग कर रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों के समस्त जीव्हीपी का चिन्हांकन, सफाई एवं सौंदर्गीकरण किया आदि कार्य हैं। इसके साथ ही समस्त सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई एवं रखरखाव हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पेयजल की गुणवत्ता परीक्षण और सैंपल की जांच उपरांत आपूर्ति। अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करना। निकाय स्तर पर कचरे का दैनिक पृथक्कीकरण, संग्रहण और परिवहन के कार्य को युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। आंगनवा?ी केंद्रों और स्कूलों में छात्र-छात्रों द्वारा स्वच्छता अभियान और स्वच्छता व स्वास्थ्य पर केंद्रित चर्चा करना। सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति और जल इकाइयों जैसे पानी की टंकी, पाइपलाइन, ट्रीटमेंट प्लांट आदि का रखरखाव। प्रोटेक्ट प्रिवेंट व ट्रीट रणनीति बीमारी से बचाव, रोकने, उपचार रणनीति को अपनाना आदि गतिविधियां संचालित की जा रही है। साथ ही नगरपालिका की टीम द्वारा गृहभेंट के माध्यम से नागरिकों को अपने घरों एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखने और घरों व सार्वजनिक स्थानों पर जलभराव रोकने हेतु जागरूकता किया जा रहा है। जुलाई माह में स्वच्छ हाथ अभियान इसका उददेश्य बच्चों व लक्षित वर्ग में हाथ धोने की आदत को रेरखांकित करते हुए जनअभियान का संचालन कराना है।

### बच्चों को बताए हाथ धोने के फायदे

# अभिमत

**नर्मदांचल में हवेली पद्धति में पानी की खेती का अच्छा उदाहरण है, जिसमें मिट्टी-पानी का संरक्षण होता था। खेतों में चारों ओर ऊंची मेड़ बनाकर बारिश का पानी रोका जाता था। जमीन सूखने पर पानी निकाल दिया जाता था और फसल लगा दी जाती थी। इसके बाद सिंचाई की जरूरत ही नहीं पड़ती थी। यानी बारिश में पानी रोकते थे, और गर्मी की फसल लगाते थे।**

## मिट्टी-पानी बचाने की अच्छी परंपराएं

**नवाचार**

■ **बाबा मायाराम**

मध्यप्रदेश का सतपुड़ा अंचल बारिश आते ही हरा-भरा हो गया है। पहाड़ों व जंगलों की खूबसूरती देखते ही बनती है। जो जंगल गर्मी के दिनों में सूखे व उजाड़ व उदास दिखते हैं, वे मानसून की बारिश आते ही हरे-भरे और सजीव हो उठे हैं। आज के इस कॉलम में प्रकृति के इस अनूठे उपहार पर ही चर्चा करना चाहूंगा, जिससे प्रकृति को हम समझें और उसे संरक्षित करें।

मैं रोज साइकिल की सैर करता हूं। इन दिनों किसान धान की रोपाई करने में लगे हैं। खेतों में रंग-बिरंगी पोशाकों में महिलाएं धान रोपाई का काम कर रही हैं। कुछ किसान ट्रेक्टर से खेतों की जुताई कर रहे हैं। कुछ खेतों की बागुड़ कर रहे हैं, जिससे उनकी फसल सुरक्षा हो सके।

तीन-चार दिनों से लगातार बारिश हो रही है। कभी रिमझिम, तो कभी तेज बारिश बहुत लुभा रही है। गर्मी से राहत तो मिली ही है, खेती में भी रौनक आ गई है। खेती का काम शुरू हो गया है। पूरा वातावरण खुशनुमा हो गया है।

मुझे याद आ रहा है मेरा बचपन। उन दिनों बारिश के पहले कच्चे घरों की मरम्मत का काम होता था। पशुओं के लिए भूसा, सूखी घास एकत्र कर रख ली जाती थी। क्योंकि बारिश चार महीने बहुत होती थी। बुजुर्ग लोग जूट या बावेर घास से रस्सी बनाते थे। जिसे खाट बुनने, बैलगाड़ी के लिए और हल जुताई जैसे कामों में इस्तेमाल करते थे।

बारिश के पहले ही महिलाएं रसोई के लिए मसाले तैयार कर लेती थीं। बारिश में पुराने कपड़ों से थैले, रजाई, पैरदान जैसी चीजें बनाए जाते थे। यह ऐसा समय होता था, जब ज्यादा काम नहीं होता था। क्योंकि बारिश के कारण घर से निकलना मुश्किल होता था। घर में रहकर ही छोटे-मोटे काम करना होता था।

बारिश के दिनों में महुआ व दाल को खाना ज्यादा पसंद किया जाता था। महुआ भूंजकर व तिल के साथ भुरका बनाकर भी खाया जाता था। महुआ के लड्डू भी बनाए जाते थे। इस तरह महुआ लोगों का प्रिय भोजन हुआ करता था। यह शायद इसलिए भी कि उन दिनों अनाज कम होता था।

नदी नालों में बाढ़ आ जाती थी। तालाब, कुएं लबालब भर जाते थे। चारों तरफ पानी-पानी हो जाता था। मेरी मां छत के नीचे बर्तन रखती थी, जिससे उसमें पानी एकत्र होता था। उस पानी का इस्तेमाल पशुओं को पानी पिलाने व बर्तन मांजने जैसे कामों में होता था।

इन दिनों बारिश से जमीन, चट्टानें और पेड़ों की नंगी डालियों में नई जान आ गई है। चारों तरफ हरियाली फूट पड़ी है। पेड़ों में नए पत्ते आ गए हैं और हरे-भरे हो गए हैं। जब हवा चलती है तो उनकी शाखाएं हवा में डोलने लगती हैं। चिड़ियां फुदकने लगती हैं। बयां जैसी चिड़ियों ने घोंसले बना लिए हैं, उनके आसपास मंडराती रहती हैं। उन्हें भी गर्मी से राहत मिली है।

जो नदी नाले गर्मी में सूख जाते हैं, या कहें अदृश्य हो जाते हैं, बारिश में कल-कल बहने लगे हैं। पहाड़ियों से निकलकर झरने निनाद करते बहने लगते हैं। इनको देखकर ऐसा लगता है जैसे गुमा हुआ व्यक्ति अचानक से मिल जाता है।

मौसम में नई बहार आ जाती है। जगह-जगह से छोटे-बड़े पौधे निकल आते हैं। पेड़ों के बीच से, चट्टानों की दरारों से और जहां आप सोच भी नहीं सकते वहां से पौधे झांकने लगते हैं। मेढकों की टर्र टर्र आवाजें आ रही हैं। खेतों में भटकते सियार व लोमड़ी भी घूमते दिख जाते हैं।

बारिश के दौरान पेड़ों से बूंदें टपकना, पेड़ों की डालियों में लड़ियों सी सज जाती हैं। घने मिश्रित के वनों के ऊपर छतरी से छाए बादल मंडरा रहे हैं, धुएं सा आभास होता है, पानी की फुहार गिरती रहती है, रिमझिम-रिमझिम, धीरे-धीरे। पहाड़ों पर बादल उड़ते दिखते हैं।

इन दिनों सागौन के चौड़े पत्ते लुभा रहे हैं। इसके जुड़वा पत्ते हवा में हिलते हैं। हाथ के स्पर्श से खरखराते हैं। मुझे याद आ रही है जब इनके पत्तों से चरवाहे व किसान छाता बनाते थे, जो बारिश से बचाता था।

सागौन, इमारती लकड़ी है। इसके खुरदरे पत्तों से किसान खेतों में ढबुआ (मंडप) बनाते थे, जिससे वे रखवाली करने के दौरान रहते हैं। जंगल वाले इलाकों में अब भी बनाते हैं। इसके पत्तों से बने ढबुए बहुत ठंडे होते हैं। इन ढबुओं में बैठकर खेतों की रखवाली करते हैं।

नर्मदा जो विन्ध्यांचल और सतपुड़ा के बीच मैकल पर्वत से निकलती है, इसलिये इसे मैकलसुता कहते हैं। इन दिनों तेज बहने लगी है। देनवा, जो तवा की सहायक नदी है, में एक दो बार बाढ़ आ चुकी है। तवा, नर्मदा की सहायक नदी है। उसने अपनी बाहें फैला दी हैं, गर्मी में उसकी पतली धार हो गई थी, अब तेज बहाव के साथ बह रही है।

हाल के कुछ बरसों से किसानों की एक बड़ी समस्या है बारिश न होना या अनियमित होना। भूजल बरसों में एकत्र होता है, यही हमारा सुरक्षित जल भंडार है। फिर बिना बिजली के उसे ऊपर खींचना मुश्किल है। पूर्व से आसन्न बिजली का संकट साल दर साल बढ़ते जा रहा है। यानी ऊर्जा का संकट भी है।

नर्मदांचल में हवेली पद्धति में पानी की खेती का अच्छा उदाहरण है, जिसमें मिट्टी-पानी का संरक्षण होता था। खेतों में चारों ओर ऊंची मेड़ बनाकर बारिश का पानी रोका जाता था। जमीन सूखने पर पानी निकाल दिया जाता था और फसल लगा दी जाती थी। इसके बाद सिंचाई की जरूरत ही नहीं पड़ती थी। यानी बारिश में पानी रोकते थे, और गर्मी की फसल लगाते थे। अभी भी जहां सिंचाई नहीं है, वहां किसान बारिश में खेत खाली छोड़ देते हैं, जिससे मिट्टी को फिर से उर्वर बनने में मदद मिली है। खेत को आराम मिलता है, और फिर गर्मी की फसल लेते हैं। इस तरह मिट्टी-पानी का संरक्षण भी होता है।

इस तरह हमें मिट्टी-पानी का संरक्षण करना जरूरी है। जैसे भी हो, जहां भी संभव हो, बारिश के पानी को वहीं लोगों के खेत तक पहुंचाना चाहिए। जहां पानी गिरता है, उसे सरपट न बह जाने दें। स्पीड ब्रेकर जैसी पार बांधकर, उसकी चाल को कम करके धीमी गति से जाने दें। इसके कुछ तरीके हो सकते हैं। खेत का पानी खेत में रहे, इसके लिए मेड़बंदी की जा सकती है। गांव का पानी गांव में रहे, इसके लिए तालाब और छोटे बंधान बनाए जा सकते हैं। चैक डेम बनाए जा सकते हैं। पेड़, तरह-तरह की झाडियां व घास की हरियाली बढ़ाकर जल संरक्षण किया जा सकता है।

शहरों में जल संचयन के माध्यम से पानी को एकत्र कर भूजल को ऊपर लाया जा सकता है। इसके माध्यम से कुओं व नलकूप को पुनजीर्वित किया जा सकता है।

इसके साथ सबसे जरूरी है खेती में हमें फसलचक्र बदलना होगा। कम पानी या बिना सिंचाई के परंपरागत देशी बीजों की खेती करनी होगी। और ऐसी कई देशी बीजों को लोग भूले नहीं है, वे कुछ समय पहले तक इन्हीं बीजों से खेती कर रहे थे। देशी बीज और हल-बैल की गोबर खाद वाली की खेती की ओर मुड़कर मिट्टी-पानी का संरक्षण करना होगा। इस इलाके में मुख्य रूप से आदिवासी सूखी खेती भी करते हैं। यानी बारिश के पानी पर आधारित। मक्का, ज्वार, कोदो, कुटकी और कई तरह की सब्जियां। धान भी लगाते हैं।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि मानसून में सतपुड़ा का नजारा बहुत खूबसूरत होता है। हमें समन्वित प्रयास से ही हम पानी जैसे बहुमूल्य संसाधन का संरक्षण व संवर्धन कर सकते हैं। इसके साथ ही, नदियों को बचाने की जरूरत है। लेकिन क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे?

**सबसे जरूरी है खेती में हमें फसलचक्र बदलना होगा। कम पानी या बिना सिंचाई के परंपरागत देशी बीजों की खेती करनी होगी। और ऐसी कई देशी बीजों को लोग भूले नहीं है, वे कुछ समय पहले तक इन्हीं बीजों से खेती कर रहे थे। देशी बीज और हल-बैल की गोबर खाद वाली की खेती की ओर मुड़कर मिट्टी-पानी का संरक्षण करना होगा। इस इलाके में मुख्य रूप से आदिवासी सूखी खेती भी करते हैं।**

## बीता सप्ताह

**28 जून**
- कोलकाता लॉ कॉलेज गैंगरेप मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।
- पुरी में रथयात्रा के दौरान उमड़ी भीड़ रथ खिंचने के दौरान 581 श्रद्धालु घायल।
- छग में भारतमाला प्रोजेक्ट में गड़बड़ी को लेकर निलंबित पटवारी सुरेश मिश्रा ने आत्महत्या कर ली।
- जम्मू कश्मीर में मादक पदार्थों की लत में पड़े 13.5 लाख से अधिक लोग।

**29 जून**
- अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से पीएम मोदी ने की बात। शुभांशु शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष से भारत भव्य दिखता है।
- कोटा लाग फेम की मशहूर अभिनेत्री शेफाली जरीवाला का निधन हो गया।
- आईपीएस अधिकारी पराग जैन को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया।
- भारत ने बांग्लादेश से जूट आयात पर रोक लगा दी।

**30 जून**
- पुरी में जगन्नाथ यात्रा के बाद भगदड़ से 3 लोगों की मौत हो गई। करीब 50 लोग घायल हुए।
- जापान ने एच-2-ए रॉकेट का अंतिम बार किया प्रक्षेपण।
- स्मृति मंधाना सभी प्रारूपों में शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी।
- केशव महाराज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बने।

**1 जुलाई**
- चुनाव आयोग से स्पष्ट किया कि 5 करोड़ वोटरों को नहीं देना होगा दस्तावेज।
- सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बताया कि मई में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर घट कर 1.2 फीसदी हो गई।
- एक जुलाई से यूपीआई से लेकर टिकट बुकिंग, पैनकार्ड में बदलाव हुए।
- तेलंगाना की केमीकल फैक्ट्री में विस्फोट से 35 लोगों की मौत हो गई।

**2 जुलाई**
- थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा को संवैधानिक अदालत ने निलंबित कर दिया।
- भ्रष्टाचार के आरोप में इक्वाडोर के पूर्व उप राष्ट्रपति जार्ज ग्लास को 13 साल की कैद हुई।
- दिव्यांशी भौमिक ने ताशकंद में अंडर-15 एशियाई युवा चैंपियन का खिताब जीता।
- केन्द्रीय मंत्रीमंडल ने 1 लाख करोड़ की रोजगार प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी।

**3 जुलाई**
- छग के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त का निधन हो गया।
- बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वहां की अदालत ने एक मामले में 6 माह जेल की सजा सुनाई।
- आईसीएमआर और एनसीडीसी ने अपने शोध में बताया कि अचानक मौतों की वजह कोराना वैक्सिन नहीं है।
- अंटार्कटिक महाद्वीप में बर्फ के पिघलने की गति तेज होने से वैश्विक चिंता का विषय बना।

**4 जुलाई**
- शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में दोहरा शतक बनाया। इस तरह सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड के बाद दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बने।
- पीएम मोदी ने छाना की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा लोकतंत्र सिस्टम नहीं संस्कार है।
- आस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों ने की कैंसर से लड़ने में मददगार प्रोटीन की खोज।
- भारत फ्रांस की सेनाओं ने फ्रांस में ड्रोन रोधी युद्धाभ्यास किया।

## विश्वशांति के लिए सर्वधर्म समन्वय अनिवार्य

■ **डा. सामबे**

धर्मों के रेडक्लाइजेशन को रोकना सबसे बड़ी चुनौती है. आज की यह सबसे बड़ी समस्या है. समाधान क्या है? क्या सर्वधर्म समन्वय संभव है?

वैदिक या हिन्दू धर्म में वैष्णव, शैव और शाक्त के बीच विवाद,वैमनस्य और लड़ाई रही है, यह सब जानते हैं. ईसाई में कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट का संघर्ष, इस्लाम में शिया और सुन्नी की लड़ाई, बौद्ध धर्म में हीनयान और महायान का तनाव और जैन धर्म में दिगंबर और श्वेताम्बर के मतभेद जगजाहिर हैं।

इजराइल में यहूदी और इस्लाम के बीच संघर्ष वर्षों से संसार देख रहा है. ईसाई और इस्लाम के बीच भी झगड़े होते रहते हैं. तीन धर्मों : यहूदी, ईसाई और इस्लाम का उदय एक ही स्थल इजराइल से अलग-अलग समय में हुआ है।

ऐसे ही एक स्थान बिहार से जैन, बौद्ध, सिख (संपूर्ण स्वरूप), हिन्दू (बाल्मीकि रामायण) धर्मों का उदय हुआ है. हिन्दू और बौद्ध धर्म के भी बीच विवाद रहे हैं और हिन्दू एवं जैन धर्म के भी बीच तनाव रहे हैं। हिन्दू-मुस्लिम तनाव उग्र रूप ले लेता है।

इसके बावजूद हम धर्म समन्वय की बात करते हैं। धर्म समन्वय की जरूरत इसलिए है कि विभिन्न धर्मों के बीच विवाद,वैमनस्य और झगड़े हैं। अगर धर्मों के बीच विवाद न होता, तो धर्म समन्वय की जरूरत ही न होती! इस बीमारी का यही एक इलाज है। बीमारी लाइलाज लगता है, मगर यकीनन इलाज तो यही लगता है। अगर देश, दुनिया और समाज में शांति और सुख से रहने की तमन्ना है। गौरतलब है कि अमन और चैन के बिना किसी भी प्रकार की प्रगति और विकास संभव नहीं है।

मालूम हो कि हमारे रामकृष्ण परमहंसजी महाराज, स्वामी विवेकानंद, रवींद्रनाथ ठाकुर, महात्मा गांधी, डा. भगवानदास, डा. राधाकृष्णन और महर्षि मेंहीं आदि महापुरुषों ने सर्वधर्म समन्वय की गंभीरता से चिंतन मनन किया है। हमारे संतों से प्रभावित होकर पाश्चात्य विद्वानों में यथा मैक्समूलर, फरे, हाकिंग अंडरहील आदि ने भी इसी विचारधारा को आगे बढ़ाया है।

विभिन्न धर्मों में एकता के भाव और विचारों को स्थापित करना ही सर्वधर्म समन्वय है।

आज धर्मों का तुलनात्मक अध्ययन को स्कूल और कालेज में अनिवार्य रूप से पाठ्यक्रम में शामिल करने की जरूरत है। सभी धर्मों में धर्म के सार और समान तत्व होते हैं, जिसे पंथाई भाव के चलते दबा दिया जाता है।

एक तर्कसंगत ढंग से विभिन्न धर्मों में एकता स्थापित की जा सकती है। इसके लिए धर्मों के ज्ञान तत्व पर ज्यादा फोकस करने की जरूरत है। इसके लिए धर्म समन्वय में तर्कसंगता ढूंढना जरूरी होता है।

डा. राधाकृष्णन, ग्रंथ- ईस्ट एंड वेस्ट इन रिलीजन 'एक सामान्य विषय की ओर सभी धर्म सहयोगी की तरह बढ़ रहे हैं'। एक सत्य, एक परमतत्व, एक परमात्मा को अलग-अलग ढंग से अलग-अलग भाषा में अभिव्यक्त किया जाता है। इस परमतत्व और परमसत्य का ज्ञान नहीं होने के कारण विभिन्न धर्मों के बीच विवाद और वैमनस्य है. उपासना की पद्धति अलग है, मगर ध्यान पूजा की अनुभूतियां एक ही सत्य और तत्व को व्यक्त करती है।

उनका मानना है कि हिन्दू धर्म सर्वोच्च आत्मतत्व पर जोर देता है, जो विश्व के सभी धर्मों में देखा जाता है। हिन्दू धर्म में अन्य धर्मों के प्रति सहनशीलता का भाव है। इसलिए भारत में सभी धर्मों के मानने वाले नजर आते हैं। हिन्दू धर्म में व्यापकता है।

यहां यह समझने की जरूरत है कि हिन्दू धर्म और हिन्दुत्व अलग है। हिन्दू धर्म आध्यात्मिक विचारधारा है और हिन्दुत्व राजनीतिक विचारधारा।

हिन्दू धर्म के अनुसार, सभी धर्मों के सार एक हैं। मूल्यों के आधार पर देखा जाए, तो सभी धर्म सत्य, अहिंसा, दया, परोपकार और आत्मसंयम को महत्व देते हैं। सभी धर्मों का आधार है - सत्य और यही सभी धर्मों की एकता का आधार भी है। सभी धर्मों की क्रिया कलापों में भी समानता नजर आती है।


ईस्टर्न रिलीजन एंड वेस्टर्न थाट में डा. राधाकृष्णन का कथन है- 'विभिन्न धर्म अब एक साथ हो रहे हैं'। उन्होंने सुझाव दिया है कि सभी धर्मों को धर्म संघर्ष और प्रतिस्पर्धा छोड़कर ग्रहणशीलता के भाव को विकसित करना चाहिए, जिससे सभी धर्मों के मानने वाले के पूर्वाग्रहों और आदि। इसलिए हमारे महर्षि मेंहीं परमहंसजी महाराज कहते हैं-

सब क्षेत्र क्षर अपरा परा पर औरू अक्षर पार में,
निर्गुण सगुण के पार सत असतहु के पार में!
सब नाम रूप के पार में...।

भागलपुर वाले के लिए यह सुखद सूचना है कि यहां के प्रथम विधायक सत्येन्द्र अग्रवाल, डा. भगवानदास के रिश्तेदार थे और दिल्ली में मंडी हाउस के समीप इनके नाम से एक रोड है- डा. भगवानदास रोड. वे दर्शनशास्त्र के बड़े विद्वान थे।

**धर्म समन्वय की जरूरत इसलिए है कि विभिन्न धर्मों के बीच विवाद,वैमनस्य और झगड़े हैं। अगर धर्मों के बीच विवाद न होता, तो धर्म समन्वय की जरूरत ही न होती! इस बीमारी का यही एक इलाज है। बीमारी लाइलाज लगता है, मगर यकीनन इलाज तो यही लगता है। अगर देश, दुनिया और समाज में शांति और सुख से रहने की तमन्ना है। गौरतलब है कि अमन और चैन के बिना किसी भी प्रकार की प्रगति और विकास संभव नहीं है।**

## संविधान की प्रस्तावना के साथ न हो खिलवाड़



जगदीश रत्तनानी

आज के भारत में भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्दों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-भाजपा के समन्वित हमले को एक च्बहसज् के रूप में वर्गीकृत करना गलत होगा। यह एक सोचा-समझा एजेंडा है जो न तो राष्ट्र की भलाई करता है और न ही आरएसएस-भाजपा के हित में है। वास्तव में यह केवल उन व्यापक आशंकाओं की पुष्टि करता है कि आरएसएस-भाजपा संविधान की मूल संरचना के साथ खेलने के नए तरीकों की तलाश कर रहा है जो लंबे समय से प्रचारित इस दृष्टिकोण को और वजन देता है कि आरएसएस ने वास्तव में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को कभी स्वीकार नहीं किया। यह उस 'चार सौ पार' के असफल अभियान की भी याद दिलाता है जिसमें भाजपा ने 2024 के आम चुनावों में तीन-चौथाई बहुमत की मांग की थी। यह संविधान के साथ छेड़छाड़ करने और उसके चरित्र को बदलने वाली संख्या थी। इस अभियान की असफलता ने भाजपा के इरादों पर पानी फेर दिया था। अगर यह लक्ष्य आज भी जारी है तो यह केवल विभाजनकारी एजेंडे की बात करता है जिसे आपातकाल का हवाला देकर भारत के संविधान से 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' को हटाने या मिटाने की कोशिश से छिपाया नहीं जा सकता।

इस अभियान को चलाकर भाजपा बड़े व्यवसायों के शक्तिशाली हितों से जुड़ी पार्टी के रूप में अधिक देखे जाने का खतरा उठा रही है जो कल्याणवाद से दूर हो रही है और उन चुने हुए क्रोनी पूंजीपतियों की मजबूत पकड़ में है जो 2014 में पार्टी के केंद्रीय सत्ता में आने के बाद से मोटे हो गए हैं। नीतियों ने असमानता को बढ़ाया है, बेरोजगारी को बढ़ाया है और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) जैसे उपहारों को बढ़ावा दिया है जिसे सरकार द्वारा 'खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दुनिया की सबसे बड़ी सामाजिक कल्याण योजनाओं में से एक' के रूप में वर्णित किया गया है। पीएमजीकेएवाई 2024-2028 से पांच साल की अवधि में 11.80 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित कुल लागत पर 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को मुफ्त अनाज प्रदान करता है। यदि यह योजना (और कई अन्य) कल्याणकारी राज्य के आदर्शों में विश्वास नहीं दिलाती है तो इसका क्या अर्थ है? क्या ये खैरात जब अमीर समर्थक नीतियां जोर पकड़ती हैं तब गरीबों को चुप रखने के लिए है? क्या नीति निर्माण के केंद्र में बेईमानी है या वास्तव में भारत की स्थिति इतनी विकट है कि इस योजना से लाभान्वित होने वाला 70 प्रतिशत हिस्सा मुफ्त अनाज के बिना नहीं रह सकता है? प्रधानमंत्री के विचारों से तस्वीर और जटिल हो जाती है। उदाहरण के लिए कई राज्यों में महिलाओं के लिए गतिशीलता और आर्थिक सशक्तिकरण को सक्षम बनाने वाली मुफ्त सार्वजनिक बस सवारी के खिलाफत की नीति। तो आरएसएस-भाजपा समान न्याय और पुनर्वितरण की विचारधारा के पक्ष में हैं या उसके खिलाफ हैं?

हालांकि यह सच है कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में एक काला अध्याय बने आपातकाल के दौरान 42वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द जोड़े गए थे लेकिन यह सच नहीं है कि ये मूल्य संविधान की भावना या स्वभाव के खिलाफ जाते हैं। प्रभावी रूप से संशोधन के ये एकमात्र हिस्से हैं जो आज 50 साल बाद भी अधोरेखित हैं। संशोधन के अन्य हिस्सों को निरस्त कर दिया गया है या हटा दिया गया है लेकिन प्रस्तावना में जोड़े गए शब्द बने रहे क्योंकि वे भारत के संविधान के व्यापक रूप से स्वीकृत लोकाचार को सुदृढ़ और उजागर करने में मदद करते हैं। 7वीं, 8वीं और 9वीं लोकसभा के पूर्व महासचिव और संविधान पर अपनी लोकप्रिय पुस्तकों के लिए जाने जाने वाले संविधान विशेषज्ञ सुभाष सी. कश्यप ने लिखा है-'... (दो शब्दों के) जोड़ने का प्रभाव केवल उस बात की पुष्टि और स्पष्टीकरण देने का था जिसे संविधान की मूल विशेषता के रूप में पहले से मौजूद माना जाता था। कश्यप लिखते हैं कि 1974 में सेंट जेवियर कॉलेज सोसाइटी बनाम गुजरात राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 'हालांकि संविधान धर्मनिरपेक्ष राज्य की बात नहीं करता है लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता है कि संविधान निर्माता ऐसे राज्य की स्थापना करना चाहते थे'। इसके अलावा जैसा कि संविधान नोट करता है, विशेष रूप से धर्मनिरपेक्षता एक मौलिक अधिकार के रूप में धर्म की स्वतंत्रता की गारंटी में निहित है। समाजवाद शब्द के लिए भी यही बात है क्योंकि जब सभी नागरिकों को 'सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक' न्याय सुरक्षित करने का संकल्प लिया गया और 'स्थिति और अवसर की समानता' के विचार को स्वयं प्रस्तावना ने अपना उच्च आदर्श बताया था ।

आपातकाल से काफी पहले 1973 के ऐतिहासिक 'केशवानंद भारती' मामले में 13 न्यायाधीशों की पीठ ने बहुमत से फैसला सुनाया था कि 'संविधान का धर्मनिरपेक्ष चरित्र' इसकी 'मूल संरचना' का हिस्सा है जो 'सर्वोच्च महत्व' का है और 'किसी भी संशोधन के द्वारा नष्ट नहीं किया जा सकता'। अदालत ने निम्नलिखित मुद्दों को 'मूल संरचना' की विशेषताओं के रूप में पहचाना जिन्हें छुआ नहीं जा सकता है: (ए) संविधान की सर्वोच्चता (बी) सरकार का रिपब्लिकन और लोकतांत्रिक रूप (सी) संविधान का धर्मनिरपेक्ष चरित्र (डी) विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का पृथक्करण (ई) संविधान का संघीय चरित्र। न्यायाधीशों ने कहा, 'उपरोक्त नींव और उपरोक्त बुनियादी विशेषताएं न केवल प्रस्तावना से बल्कि संविधान की पूरी योजना से आसानी से समझी जा सकती हैं। आपातकाल के बाद जुलाई 1980 के 'मिनर्वा मिल्स' मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया कि प्रस्तावना में बदलाव के लिए 'कोई अपवाद नहीं लिया जा सकता है' क्योंकि 'वे संशोधन न केवल संविधान के ढांचे के भीतर हैं बल्कि वे इसके दर्शन को जीवन शक्ति देते हैं; वे इसकी नींव को ताकत और सहायता प्रदान करते हैं'। अदालत ने कहा: 'वे और अधिक का वादा करते हैं; वे एक अनमोल विरासत को नष्ट नहीं करते हैं।

यह वह बहुमूल्य विरासत है जिसे अब नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह का एक प्रयास 2015 में देखा गया था जब केंद्र सरकार ने विज्ञापन जारी किया था जिसमें प्रस्तावना की एक छवि को चित्रित किया गया था लेकिन 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों के बिना। इसके तुरंत बाद भाजपा नेताओं अरुण जेटली, एम. वेंकैया नायडू और अमित शाह ने इस बात से इनकार किया कि प्रस्तावना में संशोधन करने का कोई कदम उठाया गया है।

अब इस मुद्दे को फिर से उठाया जाना इंगित करता है कि भाजपा के बारे में कुछ भी अनौपचारिक नहीं हो सकता है या वैचारिक मान्यताओं के भार एवं निश्चित फेम के साथ सोचा नहीं जा सकता है जो तेजी से बदलती दुनिया में नीतियों में मददगार हो। अगर यह देश को एक नई दिशा में ले जाने के लिए एक अति-नियोजित, रणनीतिक रूप से डिज़ाइन किया गया सटीक हमला है तो यह सत्तारूढ़ गठबंधन की चिंताओं और प्राथमिकताओं के बारे में अच्छी तरह से नहीं बोलता है। यह एक ऐसा समय है जब भारत कई ज्वलंत मुद्दों का सामना कर रहा है, वैश्विक उथल-पुथल के कारण आंतरिक संकट बढ़ रहे हैं। अगर सत्तारूढ़ गठबंधन भविष्य के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय प्रस्तावना के अच्छी तरह से स्वीकृत और वास्तव में अत्यधिक सम्मानित भागों को संशोधित करने पर अपनी ऊर्जा खर्च करेगा तो यह बहुत अफसोस की बात होगी।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। ( द बिलियन प्रेस के माध्यम से )**

**यह वह बहुमूल्य विरासत है जिसे अब नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह का एक प्रयास 2015 में देखा गया था जब केंद्र सरकार ने विज्ञापन जारी किया था जिसमें प्रस्तावना की एक छवि को चित्रित किया गया था लेकिन 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों के बिना। इसके तुरंत बाद भाजपा नेताओं अरुण जेटली, एम. वेंकैया नायडू और अमित शाह ने इस बात से इनकार किया कि प्रस्तावना में संशोधन करने का कोई कदम उठाया गया है।**

# खेल जगत

## बांग्लादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस चिकित्सकों से मिलने लंदन रवाना



**कोलंबो।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की कोचों के प्रदर्शनों की समीक्षा की अटकलों के बीच टीम के मुख्य कोच फिल सिमंस शुक्रवार को चिकित्सकों से मिलने लंदन रवाना हो रहे हैं। वेस्टइंडीज के पूर्व सलामी बल्लेबाज सिमंस सात जुलाई को श्रीलंका लौट सकते है। ऐसे में उम्मीद है कि वे सीरीज के तीसरे एकदिवसीय मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। बांग्लादेश यहां एकदिवसीय सीरीज के बाद तीन टी-20 मैच खेलेगा। बंगलादेश क्रिकेट टीम मैनेजर नफीस इकबाल ने अटकलों को विराम देते हुए शुक्रवार को कहा कि फिल सिमंस निजी कारणों से दो दिनों के दौरे पर लंदन जा रहे हैं। इकबाल ने बताया कि फरवरी में उन्होंने चिकित्सकों से मुलाकात करनी थी, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के कारण वे ऐसा नहीं कर पाए। अब फिजिशियन के साथ मुलाकात का समय बदला नहीं जा सकता।

# पाकिस्तानी टीम आएगी भारत, एशिया कप में हिस्सा लेने को मिली मंजूरी

## आधिकारिक रूप से सरकार की ओर से अभी कोई सूचना नहीं मिली: भोलानाथ सिंह

■ भारत अपने पड़ोसी पाकिस्तान के साथ किसी भी द्विपक्षीय टूर्नामेंट में नहीं खेलेगा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 जुलाई (देशबन्धु)। भारत सरकार ने पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम को राजगीर (बिहार) में अगस्त-सितंबर में होने वाले एशिया कप और जूनियर पुरुष टीम को नवंबर दिसंबर में चेन्नई और मदुरै में होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में खेलने भारत आने के लिए मंजूरी दे दी है।



यह जानकारी खेल मंत्रालय के सूत्रों ने दी। हालांकि आधिकारिक रूप से इस पर अभी कुछ नहीं कहा गया है। 27 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर (बिहार) में होने वाला एशिया कप एफआईएच हॉकी विश्व कप का क्वालीफायर है और भारत की नजर इसमें जीत के साथ विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने पर लगी हैं। वहीं 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई में होने वाले जूनियर एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में भारत और पाकिस्तान एक ही पूल बी में हैं। भारत ने पहलगाम में आतंकी घटना के बाद पाकिस्तान को इसके लिए जिम्मेदार बताते हुए इसके खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर कर वह आतंकियों के अड्डों को नष्ट करने के बाद उससे सभी तरह के राजनयिक और राजनीतिक रिश्ते तोड़ दिए और इसी के चलते पाकिस्तान के भारत की मेजबानी में होने वाले टूर्नामेंट में शिरकत करना अधर में लटका लग रहा था। सूत्रों ने साफ कहा, 'भारत अपने पड़ोसी पाकिस्तान के साथ किसी भी द्विपक्षीय टूर्नामेंट में नहीं खेलेगा। हम पाकिस्तान को भारत की मेजबानी में होने वाले किसी भी बहु राष्ट्रीय टूर्नामेंट में शिरकत करने से नहीं रोकेंगे।

सरहद पर विवाद के चलते किसी भी मुल्क को अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में शिरकत करने से रोकना ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन है और भारत की अच्छी नुमाइंदगी नहीं है। हम बस मानक नियम का पालन कर रहे हैं।' भारत की निगाहें 2036 के ओलंपिक की मेजबानी पर लगी हैं। भारत यदि पाकिस्तान की टीमों को इन दोनों हॉकी टूर्नामेंट में आने की मंजूरी नहीं देता तो भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) पर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता था। भारत और पाकिस्तान हालांकि क्रिकेट में द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलते हैं जबकि दोनों मुल्कों द्वारा आयोजित किए जाने वाले आईसीसी क्रिकेट टूर्नामेंट में दोनों टीमें हाइब्रिड मॉडल के तहत तटस्थ देश में खेलती हैं। ओलंपिक चार्टर खेल को शांति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का माध्यम है। किसी देश को वैश्विक या महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भाग लेने से मना करना अंतरराष्ट्रीय संघों की गंभीर जांच का विषय बन सकता है। भारत और पाकिस्तान बीते करीब दो दशकों से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेले हैं और और यहां तक कि कड़वे सियासी रिश्तों के चलते बहुपक्षीय मुकाबले भी दबाव में ही खेले गए।

### मीडिया से ही इस बाबत पता चला: भोलानाथ सिंह

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने इस बाबत पूछे जाने पर कहा, 'हमें भी मीडिया के माध्यम से ही पाकिस्तान की टीमों को भारत सरकार द्वारा एशिया कप और जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में शिरकत करने की इजाजत दिए जाने की बाबत मालूम पड़ा है। हमें हालांकि अभी आधिकारिक रूप से भी सरकार की ओर से इस बाबत कोई सूचना नहीं मिली है। हमारा इस बाबत शुरू से यही रुख रहा है कि सरकार जो भी फैसला लेगी उसका हम पालन करेंगे।'

### पाक सरकार से मंजूरी मिलनी अभी बाकी : राणा मुजाहिद

पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) और पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (पीएसबी) के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा उन्हें अभी पाकिस्तान सरकार से भारत में अगले महीने राजगीर(बिहार) में होने वाले पुरुष हॉकी एशिया कप और चेन्नई और मदुरे में होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में हिस्सा लेने की मंजूरी मिलनी अभी भी बाकी है।पीएचएफ के महासचिव राणा मुजाहिद ने पीएसबी से अपनी पुरुष हॉकी और जूनियर पुरुष हॉकी टीमों को शिरकत करने भेजने के लिए जानकारी मांगी है। बताया जाता है कि पीएसबी ने पीएचएफ द्वारा मांगी आधिकारिक जानकारी संबद्ध मंत्रालयों में भेज दिया है लेकिन उसका जवाब आना अभी बाकी है। पीएसबी के प्रवक्ता खुर्रम शहजाद ने इस बाबत स्पष्ट किया, 'अभी तक पाकिस्तान का भारत में होने वाले दोनों हॉकी टूर्नामेंट में शिरकत करना तब तक तय नहीं है। पाकिस्तान सरकार इन दोनों पाकिस्तानी हॉकी टीमों को भारत में किसी भी टूर्नामेंट में भेजने की बाबत नीति की बाबत नहीं बताती है। पीएचएफ का अनुरोध पीएसबी को मिला जरूर है और उसने इसे अंतर प्रांतीय समन्वय मंत्रालय को भेज दिया है जिसने की इसे इंटीरियर मिनिस्ट्री व विदेश मंत्रालय को अंतिम फैसले के लिए भेज दिया है, जिसके जवाब का अभी इंतजार है।

# मैं अपनी बल्लेबाजी का लुत्फ उठाना चाहता था : गिल



■ गिल ने सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पारी ने टीम इंडिया को 587 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचाया

**नई दिल्ली,** 4 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में शुभमन गिल ने 269 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली, जिसने उन्हें रिकॉर्ड बुक में जगह दिलाई। इस ऐतिहासिक पारी के बाद शुभमन गिल ने तकनीकी सुधार और मानसिक बदलाव के बारे में बात की। 25 वर्षीय भारतीय कप्तान की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पारी ने टीम इंडिया को 587 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचाया, जो 18 साल में इंग्लैंड में उनका सबसे बड़ा स्कोर है। इसके बाद दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक मेहमान गेंदबाजों ने इंग्लैंड को 77/3 पर रोकने में भी मदद की। अपनी पारी के बारे में बात करते हुए शुभमन गिल ने बताया कि बल्लेबाजी का आनंद फिर से पाना उनके रेड-बॉल क्रिकेट में सफलता का बड़ा कारण रहा।उन्होंने कहा कि जब रन आसानी से नहीं बनते, तो बल्लेबाजी का मजा खत्म हो जाता है। आप सिर्फ रन बनाने पर ध्यान देते हैं। मुझे लग रहा था कि मैंने यह आनंद खो दिया था। मैं इतना केंद्रित था कि बल्लेबाजी का मजा नहीं ले पा रहा था। नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने वाले गिल ने बताया कि बुनियादी बातों पर लौटने से उनकी लय वापस आई। मैंने अपनी शुरुआती मूवमेंट और सेटअप पर काम किया। पहले मुझे लगता था कि मेरी बल्लेबाजी अच्छी चल रही थी। मैं टेस्ट में लगातार 35-40 रन बना रहा था, लेकिन मैं पूरी एकाग्रता खो रहा था। उन्होंने कहा कि कई लोग कहते हैं कि ज्यादा ध्यान देने से आप अपनी सर्वश्रेष्ठ एकाग्रता का समय चूक जाते हैं।

### दोहरे शतक के बाद माता-पिता से मिली सराहना

**नई दिल्ली।** इंडियन टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में खेले जा रहे एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 269 रन की पारी खेली। गिल ने इस पारी में दिखाया कि उनकी बल्लेबाजी में वह धार मौजूद है, जिसके दम पर उन्हें टीम की कमान सौंपी गई है। इस शानदार पारी के बाद गिल अपने माता-पिता की ओर से मिले संदेश को सुनकर भावकु हो गए। शुभमन गिल ने इंग्लैंड में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय कप्तान बनकर इतिहास रचा है। वह 2016 में विराट कोहली के 200 के बाद एशिया के बाहर टेस्ट मैचों में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बन गए। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली 269 रन की पारी के दम पर विराट कोहली के 254 रन के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। गिल ने एशिया के बाहर टेस्ट में भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सचिन तेंदुलकर के सर्वोच्च स्कोर (241 रन) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

# मेरा लक्ष्य सीनियर भारतीय हॉकी टीम में वापस स्थान बनाना : वरुण कुमार

**नई दिल्ली,** 4 जुलाई (देशबन्धु)। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार के लिए भारत ए टीम में शामिल किया जाना सीनियर भारतीय हॉकी टीम में वापस स्थान बनाने का मौका है। भारत ए टीम शुक्रवार रात बेंगलुरु से एम्स्टर्डम के लिए रवाना होगी।बीते करीब एक बरस से सीनियर भारतीय हॉकी टीम से बाहर वरुण कुमार ने कहा,'मुझे पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरी बार कांस्य जीतने वाली भारतीय टीम से बाहर रहने का मलाल है। मुझे मालूम है कि मैं ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में स्थान बनाने की होड़ में था। मैं अब अतीत को भुलाकर भारत ए के लिए खेलने के मौके को भुना कर नया आगाज करना चाहता हूं।' वरुण भारतीय सीनियर हॉकी टीम के लिए जर्मनी के खिलाफ दिल्ली में बीते बरस मैत्री मैच में खेले थे लेकिन अब राजगीर में होने वाले एशिया कप से पहले भारत ए के लिए मिला खेलने के मौका उनके लिए सीनियर भारतीय हॉकी टीम में वापस स्थान बनाने का मौका है। वरुण कहते हैं,'निजी तौर पर मेरा लक्ष्य सीनियर भारतीय हॉकी टीम में वापस स्थान



■ आगामी एशिया कप के लिहाज से भारत ए के लिए अच्छा प्रदर्शन बेहद अहम

बनाना। मेरे लिए फिलहाल अब ज्यादा अहम अपना खेल बेहतर करना है। मैं बीते करीब डेढ़ बरस से भारतीय टीम के लिए पूरे दौरे पर नहीं खेला हूं और यह लंबा वक्त है और हॉकी निरंतर बदल रही हैं। हॉकी का ढांचा बदल चुका है और यह और तेज हो गई है। मैं इसे नए आगाज के रूप में देख रहा हूं।'

ड्रैग फ्लिकर और फुलबैक संजय की कप्तानी में भारत ए टीम आठ जुलाई से शुरू हो रहे इस यूरोप दौरे पर आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के खिलाफ दो दो मैच तथा बेल्जियम और इंग्लैंड के खिलाफ एक एक मैच खेलेगी।

# एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप: भारत ने जीता रजत पदक

**अस्ताना ( कजाकिस्तान ),** 4 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की पुंगनी तारा ने शुक्रवार को 2025 एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए 44 किलोग्राम भार वर्ग (युवा बालिका) में रजत पदक जीता।




पुंगनी ने कुल 141 किलोग्राम वजन उठाया। उनके व्यक्तिगत भारोत्तोलनों में 60 किलोग्राम स्नैच, 81 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क शामिल थे, जिससे उनका उठाया कुल वजन 141 किलोग्राम हो गया। इस प्रदर्शन के साथ, फुंगनी ने क्लीन एंड जर्क में स्वर्ण पदक और कुल भारोत्तोलन में रजत पदक हासिल किया। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने पुंगनी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए पुंगनी तारा को हार्दिक बधाई देता हूं और सभी कोचों और सहयोगी स्टाफ को उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। यह परिणाम हमारे एथलीटों के समर्पण और हमारी कोचिंग टीम की कड़ी मेहनत का प्रमाण है, खासकर सीमित तैयारी के समय को देखते हुए। इस सफलता से चैंपियनशिप में भारतीय दल के लिए एक प्रेरक शुरुआत हो।

# वेस्टइंडीज हेड कोच सैमी ने की अपने गेंदबाजों की तारीफ

**ग्रेनाडा,** 4 जुलाई (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के कोच डैरेन सैमी का मानना है कि उनकी टीम की तेज गेंदबाजी में आत्मविश्वास लगातार बढ़ रहा है। दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बारिश से प्रभावित खेल में वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को 286 रन पर आउट कर दिया। यह मैच ग्रेनेडा के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। यह तीसरी बार है जब इस सीरीज में वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजों ने दुनिया की नंबर-1 टेस्ट टीम को कम स्कोर पर समेटा है। इससे आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप का यह मुकाबला दूसरे दिन के लिए रोमांचक बना हुआ है। सैमी ने स्टंप्स के बाद कहा कि हमने जिस तरह की तैयारी की थी और गेंदबाजों ने लगातार विरोधी टीम के टॉप बल्लेबाजों को चुनौती दी, वही नतीजा दिखा। जब से हमारे गेंदबाजी कोच रवि रामपाल जुड़े हैं, हमने टीम में एक नई सोच लाने की कोशिश की है, और गेंदबाज भी उसमें पूरा साथ दे रहे हैं, इसी का असर मैदान पर नजर आ रहा है। तेज गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग की जिसमें अल्जारी जोसेफ ने 4 विकेट लिए, जिसमें स्टीव स्मिथ और उस्मान ख्वाजा जैसे अहम बल्लेबाजों को आउट किया। जेडन सील्स ने भी 2 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को कभी जमने नहीं



हमने जिस तरह की तैयारी की थी और गेंदबाजों ने लगातार विरोधी टीम के टॉप बल्लेबाजों को चुनौती दी, वही नतीजा दिखा : डैरेन सैमी

दिया,सैमी ने आगे कहा कि हमने तीन पारियों में 30 विकेट ले लिए हैं, और अगर छोड़े गए कैच भी जोड़ लें तो शायद 37 विकेट होते। गेंदबाजों ने बहुत अच्छी लाइन-लेंथ रखी है, और सिर्फ ऑस्ट्रेलिया ही नहीं, कोई भी टीम इन गेंदों का सामना मुश्किल से कर पाती। उन्होंने यह भी कहा कि अगर विरोधी टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करे और आप उन्हें 280 के करीब रोक दें, तो इसे अच्छा ही माना जाएगा। लंच के बाद हमने कुछ मौके गंवाए, लेकिन बाद में जो 5 विकेट जल्दी लिए, उससे हम फिर मजबूत स्थिति में आ गए।

# जडेजा ने किया नई मानक संचालन प्रक्रियाओं का उल्लंघन

**बर्मिंघम,** 4 जुलाई (एजेंसियां)। बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन रवींद्र जडेजा ने बीसीसीआई की नई मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का उल्लंघन किया। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद बीसीसीआई ने आदेश दिया था कि कोई भी खिलाड़ी अकेले मैदान पर नहीं जाएगा और न ही मैदान से आएगा, बल्कि वे सभी टीम बस में एक साथ आएंगे। जडेजा ने गुरुवार को ऐसा नहीं किया। लेकिन किसी सजा की उम्मीद नहीं है क्योंकि जडेजा ने एसओपी तोड़कर जल्दी आने का फैसला किया ताकि वह अपनी पारी को फिर से शुरू करने से पहले कुछ अतिरिक्त गेंदें खेल सकें। उन्हें पता था कि भारत लीड्स में दो बार ढह चुका है और इस बार उन्होंने सपाट पिच पर भारत को 211/5 से बचाने का आधा काम कर दिया था। भारत के लिए फिर से कम स्कोर पर आउट होना कोई जोखिम नहीं था। जडेजा 41 रन दोबारा अपनी पारी की शुरुआत की, शुभमन गिल के साथ उनकी साझेदारी 99 रन की थी, लेकिन नई गेंद का ख़तरा बना हुआ था। जडेजा ने कहा कि कहीं न कहीं मुझे लगा कि मुझे अतिरिक्त बल्लेबाजी करनी चाहिए क्योंकि गेंद अभी भी नई थी। मुझे लगा कि अगर मैं नई गेंद को देख पाऊं, तो बाकी की पारी आसान हो जाएगी।



# एनसी क्लासिक का उद्देश्य डायमंड लीग जैसे टूर्नामेंट को भारत में कराना है : चोपड़ा

**बेंगलुरु,** 4 जुलाई (एजेंसियां)। भारत में एथलेटिक्स को लेकर नीरज चोपड़ा के विजन की शुरूआत 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' (एनसी क्लासिक) से होगी।



विश्व एथलेटिक्स, एएफआई और ब्रांड सभी तरफ से समर्थन दे रहे हैं। कर्नाटक सरकार ने बहुत समर्थन दिया है। मैं इसे लेकर बहुत खुश हूं : नीरत चोपड़ा

शुक्रवार को यहां 'जेवलिन थ्रो' प्रतियोगिता से पहले टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा ने अपने उस सपने से रूबरू करवाया जहां एक मंच पर अंतरराष्ट्रीय और भारतीय एथलीट भारत में कंधे से कंधा मिलाकर प्रतिस्पर्धा कर सकें। चोपड़ा न केवल एनसी क्लासिक के आयोजक हैं, बल्कि एक प्रतियोगी भी हैं। उन्होंने भारत में विश्व एथलेटिक्स 'ए श्रेणी' की प्रतियोगिता आयोजित करने के पीछे मुख्य उद्देश्य के बारे में बात करते हुए आईएएनएस से कहा कि उद्देश्य यह है कि हमने पदक जीत लिए हैं, सब कुछ हो गया है। अब, हम जेवलिन को कैसे बढ़ा सकते हैं? हम एथलेटिक्स कैसे बढ़ा सकते हैं? इसलिए, किसी भी आयोजन के बारे में, मैं हमेशा कहता था कि मेरा एक बड़ा सपना है कि भारत में ऐसा कोई आयोजन हो जहां अंतरराष्ट्रीय एथलीट प्रतिस्पर्धा करें और हमारे भारतीय एथलीट भी उनके साथ खेलें। इसलिए यह हो रहा है। चोपड़ा ने कहा कि विश्व एथलेटिक्स, एएफआई और ब्रांड सभी तरफ से समर्थन दे रहे हैं। कर्नाटक सरकार ने बहुत समर्थन दिया है। मैं इसे लेकर बहुत खुश हूं। और जैसा कि आपने कहा, सभी विदेशी एथलीट आए हैं। इसलिए, मैं भारत में उनके साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह पूछे जाने पर कि 2036 ओलंपिक की मेजबानी की अपनी महत्वाकांक्षा को साकार करने के लिए भारत को क्या करने की आवश्यकता है। इस पर विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग जैसी प्रतिष्ठित वैश्विक प्रतियोगिताओं की मेजबानी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मैं 'कई वर्षों से टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम में हूं और मुझे लगातार बहुत मदद मिल रही है। मैं बाहर भी प्रतिस्पर्धा करता हूं। मैं प्रशिक्षण लेता हूं। इसलिए, मुझे बहुत समर्थन मिल रहा है। साथ ही, मैं चाहता हूं कि इस तरह के आयोजन होते रहें। हमें यहां डायमंड लीग जैसे आयोजन लाने की कोशिश करनी चाहिए। क्योंकि यह एक बहुत ही प्रतिष्ठित आयोजन है। यह हर साल होता है। इसलिए, अगर ऐसा कुछ होता है, तो यह अपने आप में बहुत अच्छा होगा। इसलिए, यह शुरुआत है।

### नीरज क्लासिक 2025 के लिए श्री कांतीरवा स्टेडियम तैयार

**बेंगलुरु।** श्री कांतीरवा स्टेडियम शनिवार को होने वाले नीरज चोपड़ा क्लासिक के लिए पूरी तरह से तैयार है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा अनुमोदित और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा एवं जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा सह-आयोजित इस कार्यक्रम में दुनिया के शीर्ष जैवलिन खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्य प्रतियोगियों में स्वयं नीरज चोपड़ा और 2016 रियो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता थॉमस रोहलर के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगियों का एक मजबूत ग्रुप शामिल है। 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' महज एक आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक उस आंदोलन का उत्सव है, जो भारतीय खेल के भविष्य को आकार दे रहा है और नई पीढ़ी की प्रतिभा को प्रेरित कर रहा है। इससे पहले स्टेडियम में युवा खिलाड़ियों ने साइड ग्राउंड पर अभ्यास किया, जिससे स्टेडियम में ऊर्जा का संचार हुआ। स्टैंड में स्कूली बच्चे अंतर्राष्ट्रीय सितारों की एक झलक पाने के लिए बेसब्री से इंतजार करते दिखे। इस आयोजन की तैयारी के लिए स्टेडियम में काफी बदलाव किया गया है। कई स्टैंड्स में बैठने की व्यवस्था को नया रूप दिया गया है। नॉर्थ स्टैंड में कॉर्पोरेट और वीवीआईपी बॉक्स लगाए गए हैं, और प्रशंसकों को रनवे और इनफील्ड एक्शन का नजदीक से नजारा दिखाने के लिए पिच-साइड हॉस्पिटैलिटी जोन बनाया गया है।

## सार संक्षेप

### अंडर 17 वर्ग में युवराज सिंह ने जीता पहला स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** 59वीं दिल्ली राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप का आज यहां तालकटोरा स्विमिंग पूल में उद्घाटन एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष सीताराम साहू और पंजाब स्विमिंग एसोसिएशन के सीईओ बलराज शर्मा ने किया। चैंपियनशिप का आयोजन 7 जुलाई तक चलेगा। चैंपियनशिप में 410 से अधिक लड़के और लड़कियां भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप के पहले दिन 800 मी फ्री स्टाइल अंडर 17 में युवराज सिंह ने पहला गोल्ड मेडल 8 मिनट 54.42 का समय निकालकर अपना नाम किया जबकि वंश ने दूसरा और धनुष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह लड़कियों में अन्य रावत ने 9 मिनट 56.59 का समय निकालकर पहला स्थान पाया। तितिक्षा रावत ने दूसरा और प्रकृति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 लड़कों में रक्षित टोकस ने 9 मिनट 48 ,55 का समय निकालकर पहला स्थान प्राप्त किया जबकि विशु मौर्य ने दूसरा और मानव लाकर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में अमीरा सिंगल ने 10 मिनट 55.47 का समय निकालकर पहला स्थान पाया। यादवी नेगी ने दूसरा और प्रांजल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### चीन की वांग शिनयू विंबलडन के दूसरे दौर में बाहर

**लंदन।** चीन की वांग शिनयू विंबलडन में महिला एकल के दूसरे दौर में तुर्किये की जेनेप सोनमेज से 7-5, 7-5 से हार कर बाहर हो गईं। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे पर हमला किया, जब तक कि सोनमेज ने जीत हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में 5-5 से बराबरी के बाद, सोनमेज ने गुरुवार को जीत सुनिश्चित करने के लिए अधिक आक्रामक खेल दिखाया। वांग ने मैच के बाद कहा कि मु्झे लगता है कि उसने आज असाधारण रूप से अच्छा खेला, खासकर अपने सर्विस रिटर्न और बेसलाइन गेम में। मुझे कोई आसान अंक नहीं मिला। वांग ने कहा कि 4-1 से, शायद उसने खुद को और अधिक स्वतंत्र रूप से खेला। वह कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सफल रही, और फिर वह शायद अधिक आराम से खेली। मुझे लगता है कि उस पल से, उसने निश्चित रूप से अपना स्तर बढ़ाया। बेशक, मुझे लगता है कि यह बहुत दुखद है। भले ही मेरे प्रतिद्वंद्वी ने वास्तव में अच्छा खेला, हमारा मैच बहुत करीबी था, और कुछ ऐसे क्षेत्र थे जहां मुझे लगता है कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। लेकिन मुझे लगता है, आज, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को फिर हराया

**जागरेब।** शतरंज के क्लासिकल प्रारूप में मौजूदा विश्व नंबर 1 भारत के डी. गुकेश ने गुरुवार को जागरेब में सुपर यूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज क्रोएशिया 2025 में मैग्नस कार्लसन को हरा दिया।नॉर्वे के दिग्गज के खिलाफ गुकेश की हालिया जीत नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के कुछ ही सप्ताह बाद आई है। नॉर्वे शतरंज के विपरीत जहां जीत क्लासिकल प्रारूप में हुई थी, हालिया जीत रैपिड प्रारूप में आई है। गुरुवार को कार्लसन ने 49 चालों के बाद हार मान ली, इसके बाद हाथ मिलाया और फिर वे मंच से चले गए। यह स्टावेंजर में भावनात्मक प्रतिक्रिया के बिल्कुल विपरीत था जहां हार के बाद उन्होंने टेबल पर मुक्का मारा था।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### अभिभाषक संघ के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ, संभाला कार्यभार

**बैतूल,देशबन्धु।** जिला अभिभाषक संघ के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को कोर्ट परिसर में संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी नितिन मिश्रा द्वारा सभी विजयी प्रत्याशियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने विधिवत रूप से अपने-अपने पदभार ग्रहण कर कार्य की शुरुआत की।

### भारतीय मजदूर संघ का परिचय वर्ग 6 जुलाई को

**बैतूल,देशबन्धु।** भारतीय मजदूर संघ के स्वर्णिम 70 वर्ष की कार्य योजना के अंतर्गत प्रदेश कार्य समिति में लिए गए निर्णय के अनुसार बैतूल जिला केंद्र पर भारतीय मजदूर संघ का परिचय वर्ग आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रविवार 6 जुलाई को सरस्वती शिशु मंदिर, कालापाठा विकास नगर बैतूल में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा।

भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री पंजाबराव गायकवाड ने जानकारी दी कि यह परिचय वर्ग दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा। इसमें संघ के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी, जिसमें भारतीय मजदूर संघ का परिचय, कार्य पद्धति, हमारे अनिवार्य कार्यक्रम, पंच परिवर्तन, ध्वज, नारे और गीत जैसे विषय शामिल रहेंगे। परिचय वर्ग में प्रमुख वक्ताओं द्वारा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की विशेष उपस्थिति भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री रामनाथ गणेशे की रहेगी।

### गंजालेश्वर महादेव मंदिर में सारंग ने किया पूजन, लिया आशीर्वाद



**हरदा, देशबन्धु।** प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा हरदा जिले के प्रभारी मंत्री श्री विश्वास सारंग ने जिले के प्रवास के दौरान छिदगांव मेल-पिपल्या कला स्थित प्राचीन श्री गंजालेश्वर महादेव मंदिर में पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर प्रांगण में पौधरोपण कर हरियाली संवर्धन का संकल्प भी दिलवाया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व विधायक संजय शाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

फोटो 5

### डी.ए.पी. खाद यूरिया किसानों की मांग अनुसार तत्काल उपलब्ध कराएं: विधायक

**हरदा, देशबन्धु।** हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने हरदा कलेक्टर को डी.ए.पी. खाद/यूरिया आपूर्ति के संबंध में पत्र प्रेषित कर किसानों को उनकी मांग अनुसार डी.ए.पी. खाद/यूरिया तत्काल कराये जाने की मांग की । उन्होंने पत्र में लेख किया कि हरदा जिले में किसान डी.ए.पी. खाद/यूरिया की कमी के कारण काफी परेशान है और आने वाले समय में यह संकट काफी विकराल रूप ले लेगा। जिसके कारण किसानों का बड़ा नुकसान होगा। पूर्व में भी जिले में डी.ए.पी. खाद/यूरिया की कमी रही है, किसानों को डी.ए.पी. खाद/यूरिया समय पर न मिलने से समय पर बोनी नहीं हो पाती है, यदि समय पर बोनी नहीं होगी तो उत्पादन में भी कमी आती है। जिससे किसानो को आर्थिक नुकासान का सामना



#### प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के खातों में पहुंची लैपटॉप की राशि

**इटारसी, देशबन्धु।** आज जिले के प्रतिभाशाली बच्चों के खाते में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लैपटॉप के लिए राशि पहुंचा दी है। मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सैकेण्डरी परीक्षा 2024-25 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने वन क्लिक के माध्यम से 25000 रुपए प्रति विद्यार्थी उनके बैंक खाते में अंतरण की गई। जिला नर्मदापुरम अंतर्गत जिला एवं विकासखंड स्तर पर लाइव टेलीकॉस्ट दिखाया और स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम हुए। जिले के कुल 1812 विद्यार्थियों के बैंक खाते में राशि अंतरित हुई।



जिला स्तर का कार्यक्रम सांदीपनि कृषि विद्यालय पवारखेड़ा में आयोजित किया। मुख्य अतिथि दर्शन सिंह चौधरी सांसद नर्मदापुरम नरसिंहपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. सीतासरन शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नरोलिया, भूपेन्द्र चौकसे जनपद अध्यक्ष, गोकुल पटेल मंडल अध्यक्ष, राहुल सौलंकी पूर्व मंडल अध्यक्ष, श्रीमती सीमा मालवीय सरपंच, योगेन्द्र राजपूत अध्यक्ष जिला किसान मोर्चा, मनोज शर्मा सांसद प्रतिनिधि, ज्योति प्रहलादी प्रभारी संयुक्त संचालक, एसपीएस बिसेन जिला शिक्षा अधिकारी, राजेश गुप्ता एडीपीसी, राजेश जयसवाल डीपीसी, नीरज उईके बीईओ संदीपन नीखर प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय पवारखेडा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। अतिथियों ने उपस्थित विद्यार्थियों को गुरुओं का सम्मान करना तथा माता पिता एवं समाज की आकांक्षाओं के अनुरूप मेहनत कर अच्छे अधिकारी, अच्छे शिक्षक, भविष्य में अच्छे नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया। प्रतीकात्मक रूप से सांदीपनि कृषि विद्यालय पवारखेड़ा के 33 एवं शासकीय एसपीएम उमावि, अशासकीय सेंटपाल उमावि नर्मदापुरम के विद्यार्थियों को भी प्रतीकात्मक चेक भी अतिथियों ने वितरित किये। संचालन आशुतोष शर्मा ने किया। सभी विकासखंड अंतर्गत शासकीय माडल उमावि माखननगर, शासकीय कन्या उमावि सिवनीमालवा, अशासकीय विवेकानंद उमावि सोहागपुर, शासकीय उत्कृष्ट उमावि सुखतवा, शासकीय भगत सिंह पीजी कालेज पिपरिया, शासकीय सीएम राईज बनखेड़ी एवं जिले के अन्य सभी शासकीय,अशासकीय, हाईस्कूल, हायरसेकेंडरी संस्थाओं में स्थानिय जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में कार्यक्रम हुए।

#### डॉ.अंकिता सिते और डॉ. राजेश परिहार ने दिया प्रशिक्षण

# भीमपुर में सिकल सेल पर बोले डाक्टर: बीमारी की पहचान से बच सकती कई जिंदगी

### सिकल सेल के संदर्भ में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में लगातार प्रयास करते रहने की बात कही



**बैतूल,देशबन्धु।** बचपन से ही यदि गंभीर बीमारियों की पहचान और समझ दी जाए, तो कई जिंदगियां समय रहते बचाई जा सकती हैं। सिकल सेल जैसी अनुवांशिक बीमारी पर जानकारी और जागरूकता जरूरी है, ताकि इसका समय रहते इलाज और नियंत्रण संभव हो सके। इसी उद्देश्य को लेकर आज भीमपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष सिकल सेल प्रशिक्षण और जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों से लेकर छात्र-छात्राओं तक को गंभीरता से प्रशिक्षित किया गया।

इस प्रशिक्षण का नेतृत्व सिकल सेल जिला नोडल अधिकारी डॉ. अंकिता सिते और डॉ. राजेश परिहार ने किया। उनके साथ भीमपुर खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम और बीईई भी इस आयोजन में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान डॉ. अंकिता सिते द्वारा सिकल सेल से बचाव, लक्षण, सिकल सेल पॉजिटिव व्यक्तियों की पहचान, उनके लिए उपचार की प्रक्रिया एवं इस बीमारी की रोकथाम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी सीएचओ, एएनएम सहित स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने प्रशिक्षण में भाग लिया और सिकल सेल की गहराई से जानकारी प्राप्त की।

प्रशिक्षण के दूसरे चरण में डॉ. अंकिता सिते द्वारा कन्या बालिका स्कूल भीमपुर पहुंचकर कक्षा 10वीं की छात्राओं को सिकल सेल बीमारी के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि यह एक अनुवांशिक बीमारी है, जो माता-पिता से संतानों में आती है। उन्होंने बच्चों को इस बीमारी के शुरुआती लक्षण, उससे बचाव के उपाय और समय पर इलाज की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

डॉ. अंकिता ने बच्चों को यह भी बताया कि यदि किसी परिवार में कोई सदस्य सिकल सेल पॉजिटिव पाया जाता है, तो परिवार के अन्य सदस्यों की भी जांच कराना जरूरी होता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पॉजिटिव पाए जाने पर समय रहते इलाज प्रारंभ करना जरूरी है, जिससे मरीज सामान्य जीवन जी सके। स्वास्थ्य विभाग के इस प्रशिक्षण और जागरूकता सत्र को क्षेत्र के लोगों और शिक्षकों ने अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के समापन पर डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सिकल सेल के संदर्भ में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में लगातार प्रयास करते रहने की बात कही।

#### खेत की मेड़ तोड़कर पानी निकालने को लेकर मारपीट का मामला

# पटवारी से पूछकर डाल रहे थे पाइप, हो गया विवाद

**बनखेड़ी।** माल्हनवाडा गांव में बारिश का पानी खेत से निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मेड़ तोड़कर पानी बहाने से रोकने पर कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों ओर से मारपीट हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। एक गंभीर घायल को बनखेड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर किया गया है। पुलिस ने कृष्ण कुमार की रिपोर्ट पर कमलेश पिता जगदीश गुर्जर, राजेश पिता जगदीश गुर्जर और जगदीश पिता भागोनी गुर्जर के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 118(1), 351(3), 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### खेत में भर गया था बारिश का पानी

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी कृष्ण कुमार पिता रामशंकर गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गुरुवार सुबह करीब 8 बजे वे अपने भाई रामसेवक पटेल और रहीश पटेल के साथ खेत पर गए थे। खेत में भरा बारिश का पानी निकालने के लिए पटवारी से पूछकर पाइप डाल रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी कमलेश और राजेश पटेल वहां पहुंचे और गालियां देकर मना करने लगे।

विरोध करने पर कमलेश ने रामसेवक के सिर पर कुल्हाड़ी की उल्टी तरफ से वार किया जिससे सिर में गंभीर चोट आई और खून निकलने लगा। राजेश ने भी फावड़े से हमला किया। जब कृष्ण कुमार ने बीच-बचाव किया तो उसे भी फावड़े से कंधे और पैरों पर चोट आई। राजेश के पिता जगदीश गुर्जर ने भी लाठी से वार किया। फरियादी ने बताया कि शोर सुनकर रहीश पटेल और वीरेंद्र चौधरी ने बीच-बचाव किया। आरोपियों ने जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। घायल रामसेवक को गंभीर हालत में होशंगाबाद रेफर किया गया

### बिना फिटनेस संचालित 1 स्कूल बस जप्त की

**हरदा** ,कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर हरदा जिले के विभिन्न मार्गो पर विशेष चेकिंग अभियान आयोजित कर वाहनो को चेक किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान बकाया कर, बिना पंजीयन, अस्पष्ट रूप से पंजीयन क्रमांक अंकित होने, बिना बीमा, बिना पीयूसी, बिना फिटनेस और बिना परमिट के संचालित यात्री बस, स्कूल बस, ऑटो रिक्शा एवं लोडिंग वाहन, डम्पर वाहनो की चेंकिग की जा रही है।

## सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता में संस्कार विद्यापीठ हुई विजयी

**हरदा।** दो दिवसीय सुब्रतो फुटबॉल कप प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय नेहरू स्टेडियम में किया गया। स्कूल शिक्षक जय पुजारी ने बताया इस प्रतियोगिता में पहला मैच बैतूल वर्सेस हरदा के मध्य हुआ, जिसमें हरदा की टीम विजेता रही। टीम में सभी खिलाड़ी संस्कार विद्यापीठ के थे। जिसमें अथर्व गौर, पावन जैन ,नील पटेल, हेत पटेल, हितार्थ पटेल आदि ने सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट में 4 के मुकाबले 5 गोल से जीतकर संभाग सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाया ।इस प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक इमरान खान, अजय पुरबिया, मनमोहन रहे इस अवसर पर शिक्षा विभाग से रामनिवास जाट, राजेश बिलिया, मोनिका कुशवाहा आदि अधिकारी उपस्थित रहे ।हरदा संभाग की टीम सीहोर के लिए 8 जुलाई 2025 को रवाना होगी । संस्कार विद्यापीठ के संचालक नटवर पटेल ,नवनीत पटेल प्रधानाचार्य जय सिंह पवार ने खिलाडियों को बधाई दी ।

### प्रभारी मंत्री ने टो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**हरदा ,** प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग एवं पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति भारती राजू कमेडिया ने नगर पालिका परिषद हरदा के नवीन टो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति भारती कमेडिया ने बताया कि इन वाहन के संचालन से हरदा शहर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी एवं यात्रियों के आवागमन में गति और सुविधा सुनिश्चित होगी।

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों में आत्मबल और नवचेतना का हुआ संचार

**बैतूल।** जिले में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा और उमंग के साथ भविष्य की राह दिखाने वाला तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह प्रधानमंत्री एक्सीलेंस जयवंती महाविद्यालय में पूर्ण उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन परिवेश से जोड़ा, उन्हें आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका तय करने की प्रेरणा भी दी। शिक्षा, अनुसंधान, नैतिकता, स्टार्टअप और तकनीकी जागरूकता जैसे विविध विषयों पर विशेषज्ञ प्राध्यापकों के सारगर्भित उद्बोधनों ने छात्रों के आत्मविश्वास को नई दिशा दी।

समापन अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ अल्का पांडे और डॉ अर्चना मेहता ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया। डॉ अल्का पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने विद्यार्थियों के लिए शोध और अनुसंधान के असीम अवसर खोले हैं। महाविद्यालय में ऐसे अनेक प्राध्यापक हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध प्रस्तुत कर बैतूल जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि छात्र महाविद्यालयीन संसाधनों का उपयोग कर समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

### भारत युवाओं के नवाचार से ही सशक्त राष्ट्र बन सकता है-डॉ अर्चना मेहता

वहीं डॉ अर्चना मेहता ने छात्रों को आत्मनिर्भर बनने का संदेश देते हुए कहा कि वे पूर्ण आत्मविश्वास के साथ स्टार्टअप के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं के नवाचार से ही सशक्त राष्ट्र बन सकता है।समारोह की प्रभारी प्राचार्य डॉ अनीता सोनी ने समापन उद्बोधन में छात्रों को सत्यनिष्ठा और नैतिकता का पालन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया। महाविद्यालय की पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष नेहा शर्मा ने कहा कि जयवंती महाविद्यालय ने न केवल जिले के युवाओं के सपनों को पंख दिए, बल्कि देश-विदेश में बैतूल का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाएं भी दी हैं।समारोह के प्रथम सत्र में डॉ वीणा डहेरिया ने विद्यार्थियों को संवैधानिक मौलिक कर्तव्यों और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम 2013 के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद डॉ चंद्रशेखर मेश्राम और डॉ रीतु साहू ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व को समझाया।

### वायुदूत ऐप के उपयोग एवं महत्त्व को बताया

क्रीड़ा अधिकारी डॉ नीलिमा पीटर ने महाविद्यालय में होने वाले युवा उत्सव, खेल और योग गतिविधियों से छात्रों को परिचित कराया। साथ ही प्रो शंकर सातनकर, प्रो गीता माली और डॉ खुशाल देवघरे ने एनएसएस, एनसीसी और वायुदूत ऐप के उपयोग एवं महत्त्व को बताया। अंत में डॉ सोनाली सैनी साहू और डॉ शीतल खरे ने अनुसंधान की संभावनाओं और सुझावों की जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ शीतल खरे ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ रीतु साहू ने किया। यह तीन दिवसीय आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मीनाक्षी चौबे के सशक्त नेतृत्व और मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सुखदेव डोंगरे, डॉ मुकुंद चंदेल, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ.बी डी नागले, प्रो ओपी खत्री सहित समस्त स्टाफ का योगदान उल्लेखनीय रहा।उमंग के साथ भविष्य की राह दिखाने वाला तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह प्रधानमंत्री एक्सीलेंस जयवंती महाविद्यालय में पूर्ण उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन परिवेश से जोड़ा, उन्हें आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका तय करने की प्रेरणा भी दी। शिक्षा, अनुसंधान, नैतिकता, स्टार्टअप और तकनीकी जागरूकता जैसे विविध विषयों पर विशेषज्ञ प्राध्यापकों के सारगर्भित उद्बोधनों ने छात्रों के आत्मविश्वास को नई दिशा दी।

# 1 साल से ग्रामीण कर रहे आवरिया बेलूण्ड सड़क निर्माण की मांग, जनप्रतिनिधियों का ध्यान नही

**आमला ,देशबन्धु।** आवरिया के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर कई बार आवाज उठाई है, लेकिन अभी तक इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया है। ग्रामीणों का कहना है कि आवरिया से बेलुण्ड तक 5 किलोमीटर सड़क का निर्माण होना है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में आसानी होगी। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में आवरिया से बेलुण्ड तक कच्चा रास्ता है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क निर्माण के लिए जल्द ही कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर सड़क निर्माण नहीं हुआ तो वे आंदोलन की राह पकड़ेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण से उनके जीवन में सुधार होगा। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मांग की है कि सड़क निर्माण के लिए जल्द ही कार्रवाई की जाए।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी सड़क निर्माण के लिए ध्यान देना चाहिए क्षेत्र के जनपद नीति विकास कार्य पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जनप्रतिनिधि सिर्फ वोट की राजनीति में लगे हुए हैं।ग्रामीणों का कहना है कि



सड़क निर्माण को लेकर जल्द ही जनपद चौक पर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

जनप्रतिनिधियों की अनदेखी अधिकारियो की उदासीनता ग्रामीण परेशान जनप्रतिनिधियों ने आवरिया के ग्रामीणों की मांग पर ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से सड़क निर्माण की मांग की है, लेकिन अभी तक इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जनप्रतिनिधि केवल अपने वोट बैंक के लिए काम करते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि जनप्रतिनिधि उनकी समस्याओं का समाधान करें। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर सड़क निर्माण नहीं हुआ तो वे आंदोलन की राह पकड़ेंगे। जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों की मांग पर ध्यान देना चाहिए। जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।

सड़क निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी में है ग्रामीण

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर सड़क निर्माण नहीं हुआ तो वे आंदोलन की राह पकड़ेंगे। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क निर्माण के लिए जल्द ही कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण से उनके जीवन में सुधार होगा। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मांग की है कि सड़क निर्माण के लिए जल्द ही कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी मांग के लिए लड़ेंगे।

### सड़क निर्माण की आवश्यकता

आवरिया से बेलुण्ड तक सड़क निर्माण की मांग ग्रामीण कर रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में आवरिया से बेलुण्ड तक कच्चा रास्ता है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आने-जाने में आसानी होगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क निर्माण के लिए जल्द ही कार्रवाई की जाए सड़क का सर्वे कराया जाए। सड़क निर्माण से ग्रामीणों के जीवन में सुधार होगा आवागमन सुगम होगा। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि सड़क निर्माण के लिए जल्द ही कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने कलेक्टर से जल्द सड़क निर्माण किए जाने की मांग की है।

## गुरु पूर्णिमा तक घर-घर में यज्ञ, योग एवं ध्यान के माध्यम से होगा आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार

**बैतूल।** गुरु पूर्णिमा तक बैतूल जिले में आध्यात्म, योग यज्ञ का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। योग को लेकर महिलाओं में जागरूकता की जो अलख राज्य स्तरीय तीन दिवसीय महिला योग कार्यशाला में जगी थी, वह अब घर-घर तक पहुंच रही है। महिला पतंजलि योग समिति की कर्मठ साधिकाओं ने समाज को नई दिशा के साथ साथ योग को मातृ शक्ति से जोड़ा। अब उसके सकारात्मक परिणाम धरातल पर नजर आने लगे हैं।

महिला पतंजलि योग समिति की जिला अध्यक्ष संगीता अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला में प्रदेश की महिला योग कार्यकारिणी की योग में समर्पित एवं कर्मठ बहनों ने भाग लिया था। इस दौरान उन्होंने बैतूल जिले की महिलाओं में योग के प्रति गहरी रुचि और जागरूकता पैदा की। महिलाओं को यह बताया गया कि वे कैसे अपने पारिवारिक जीवन के साथ-साथ योग के जरिए समाज में एक मजबूत भूमिका निभा कर सुदृढ़ता दे सकती है।

### न्यायालय-आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय बैतूल (म.प्र.)

विविध प्रकरण क्रमाक 10/2024 डब्ल्यूसी एक्ट फैटल

**सूचना - पत्र**

सर्व सबंधित को इस सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रमिक मृतक टीटू पित्ता घुडक्या निवासी बापू तहसील भैसदेही जिला बैतूल म.प्र. की दिनाँक 09.11.2017 को कार्य के दौरान मृत्यु होने से श्रीराम जनरल इन्श्योरेस कंपनी लिमिटेड द्वारा क्षतिधन राशि रूपये 14,71,140/- (चौदह लाख इकहत्तर हजार एक सौ चालीस) मात्र जमा की गई है।

उक्त क्षतिपूर्ति धनराशि आंवटन बावत् कार्यवाही हेतु श्रवण तिथि **23.07.2025** नियत की जाकर सूचित किया जाता है कि स्वयं को जो कर्मकार प्रतिकार अधिनियम के तहत् उक्त मृतक का आश्रित व उनकी पत्नि के एवज मे इस न्यायालय में जमा क्षतिधन पाने का अधिकारी समझता हो तो अपने साथ दो दो अभिप्रमाणित फोटो, दो गवाह, राशनकार्ड, बचतखाता बैंक पासबुक की मूल व फोटो प्रति साथ लावे तथा आवेदन के साथ नियत पेशी तिथि को प्रात: बजे प्रस्तुत करे।

प्रकरण में जमा क्षतिधन आबंटित न करने बावत् स्थगन प्राप्त हो या किसी प्रकार से आपत्ति हो तो भी उक्त तिथि को पेश करे। उक्त श्रवण तिथि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक **23.06.2025** को न्यायालय की मुद्रा एवं हमारे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया।

**( महेन्द्र सैनी )**
**आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम बैतूल ( म.प्र. )**

माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
MBA प्रवेश प्रारंभ छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध*
माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ फार्मेसी D फार्मा
DIPLOMA IN PHARMACY (2 YEAR) (12th BIO/MATH'S) For Year 2025-26
पता : इटारसी रोड, बैतूल मो. 9425003213, 7000863213 प्रवेश प्रारंभ

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

### बाबा बर्फानी के जयकारों के साथ अमरनाथ दर्शन को रवाना हुए श्रद्धालु



**बैतूल, देशबन्धु।** प्राचीन श्री माता मंदिर माता सेवा युवा मंडल शंकर नगर बैतूल के पदाधिकारीगण हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा बर्फानी श्री अमरनाथ जी की यात्रा के लिए रवाना हुए। बम-बम भोले, हर हर महादेव और बाबा बर्फानी की जयकारों से स्टेशन परिसर गूंज उठा। श्री माता मंदिर माता सेवा युवा मंडल के लोकेश बाबू बिजवे ने बताया कि यह यात्रा धार्मिक आस्था का प्रतीक है और हर वर्ष वे इसे सेवा और सौभाग्य का अवसर मानते हैं। श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए मंडल ने उनके सुरक्षित और सुखद यात्रा की कामना की।

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज, होगी गहन चर्चा

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल की नियमित मासिक बैठक आज शनिवार 5 जुलाई को जिला अध्यक्ष सुन्दर लाल कड़वे के निवास पर आयोजित की जा रही है। यह बैठक पूर्वाह्न 11 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में संगठन के विगत माह सेवा निवृत्त हुए पेंशनर्स साथियों एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। बैठक के दौरान प्रांतीय बैठक की कार्यवाही का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें लिए गए निर्णयों की जानकारी सभी सदस्यों को दी जाएगी। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025-26 के लिए संगठन की वार्षिक सदस्यता का नवीनीकरण भी किया जाएगा, ताकि सभी पेंशनर्स संगठन से सक्रिय रूप से जुड़े रह सकें।

### विद्युत पेंशनर्स संघ की बैठक आज

**बैतूल, देशबन्धु।** विद्युत पेंशनर्स हितरक्षक संघ जिला शाखा बैतूल की मासिक बैठक आज 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे कार्यालय अधीक्षण यंत्री, वृत बैतूल के परिसर में संपन्न होगी। बैठक में विशेष रूप से सेवा निवृत्त हो चुके कर्मचारियों एवं अधिकारियों की विभिन्न समस्याओं को सामने रखकर उनके निराकरण को लेकर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही माह मई और जून 2025 के दौरान जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं, उनका विधिवत सम्मान भी इस बैठक में किया जाएगा। विद्युत पेंशनर्स हितरक्षक संघ शाखा बैतूल के जिला अध्यक्ष आर. आर. वराठे ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों से अपील की है ।

### बजरंग दल ने श्री दक्षिण मुखी बाल हनुमान मंदिर में की साफ सफाई



**बैतूल, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा 1 जुलाई से 7 जुलाई तक पूरे प्रांत में सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बैतूल नगर स्थित श्री दक्षिण मुखी बल हनुमान मंदिर परिसर में सफाई एवं पौधरोपण किया गया।विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के प्रांत गौ रक्षा प्रमुख श्री कृष्णकांत गावंडे ने बताया कि सेवा सप्ताह के तहत मंदिर परिसर को साफ-सुथरा किया गया और पौधे लगाए गए। इस दौरान उन्होंनें सेवा सप्ताह के महत्व को बताते हुए अधिक से अधिक सेवा कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए यह अभियान आवश्यक है। इस अवसर पर प्रांत गौरक्षा प्रमुख कृष्णकांत गावंडे, जिला सह मंत्री राजू ठाकुर, जिला सह मंत्री मनीष सिंह रघुवंशी, जिला सह संयोजक यश वर्मा, प्रखंड संयोजक हिमांशु ठाकुर, प्रखंड गौरक्षा प्रमुख कुणाल पाटिल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गांव की बेटी का कमाल: अच्छे अंक लाकर पूरा किया लैपटॉप का सपना

**बोली- पिता किसान है, आसान नहीं था लैपटॉप, शासन की योजना से अब और अच्छे से करूंगी पढ़ाई**



**बैतूल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा मेधावी छात्रों को लैपटॉप प्रदान करने की योजना से जिले के कई ग्रामीण छात्रों को डिजिटल शिक्षा का अवसर मिल रहा है। इससे वे न केवल अपनी पढ़ाई में तकनीकी रूप से मजबूत हो रहे हैं, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी बेहतर ढंग से कर पा रहे हैं। बैतूल जिले के ग्राम भवानीतेड़ा की होनहार छात्रा हिमांशी पवार ने अपनी मेहनत और लगन से एमएलबी स्कूल से कक्षा 12वीं में मैथ्स और बायो एडिशनल विषय लेकर 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप प्रदान किया गया है। हिमांशी पवार ने बताया कि शासन द्वारा दी गई यह लैपटॉप राशि उनके लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा लैपटॉप की मदद से मैं आगे की पढ़ाई अच्छे से कर पाऊंगी। विशेष रूप से मैथ्स के कठिन सवाल और फार्मूले समझने में यह बहुत सहायक रहेगा। इसके अलावा अगर किसी विषय में कोई डाउट आता है तो उसे भी आसानी से ऑनलाइन देखकर सुलझाया जा सकता है। हिमांशी ने बताया कि उनके पिता कृषक हैं। उन्होंने साधारण किसान परिवार से होते हुए भी अपनी पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने पढ़ाई पर पूरा ध्यान दिया और अच्छे अंक हासिल किए। हिमांशी का कहना है कि अब आगे की पढ़ाई लैपटॉप के माध्यम से करेगी, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।

### स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 11 को

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में 11 जुलाई को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड यदि हो तो, चार पासपोर्ट साइज फोटो, वोटर आईडी, समग्र आईडी की फोटोकॉपी के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

**जन अभियान परिषद स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम**

# राष्ट्र को परम वैभव पर लाने में सामाजिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण: प्रभारी मंत्री



**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वेच्छिकता पर्व कार्यक्रम का आयोजन भारत भारती परिसर बैतूल में भव्य रूप से आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री ने परिषद को उसके स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी और स्व.अनिल माधव दवे जी को स्मरण करते हुए परिषद द्वारा समाज और शासन को जोड़ने के कार्यों की सराहना की। इ कार्यक्रम में मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, सुधाकर पवार, परिषद के अशासकीय सदस्य बुधपाल सिंग ठाकुर एवं समाजसेवी अनिल अग्रवाल उपस्थित रहे। पटेल ने उपाध्यक्ष मोहन नागर के नेतृत्व में परिषद की भूमिका और कार्यो को प्रेरणास्पद बताया। जल गंगा संवर्धन अभियान के जन अभियान परिषद के द्वारा जिले में किये कार्यो की प्रशंसा भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे परिषद के शासी निकाय के सदस्य बुधपाल सिंह ठाकुर ने बैतूल के पानी वाले गांवों के नाम से स्वरचित गीत जो जल संरक्षण का संदेश देता है। बैतूल जिले के पलासपानी, महूपानी, नीमपानी जैसे सैकड़ों गांव का नाम जोड़कर जल संरक्षण का संदेश देने वाले गीत को भी सुनाया जो सभी को भा गया।

### जल संरक्षण पर बच्चों ने दी नाटक की प्रस्तुति

जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी ने परिषद के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री एवं परिषद के उपाध्यक्ष श्री जगदीश देवड़ा तथा उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर के संदेशों का वाचन किया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। नवांकुर संस्था जय गुरुदेव उत्थान समिति के माध्यम से छोटे बच्चों ने जल संरक्षण पर मनमोहक प्रस्तुति नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी। कार्यक्रम के अंत में जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नवांकुर, प्रस्फुटन, मेन्टोर्स, सीएमसीएलडीपी छात्रों एवं प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री पटेल ने जन अभियान परिषद स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण भी किया।

### प्रभारी मंत्री ने बस दुर्घटना में घायलों से की मुलाकात

**बैतूल, देशबन्धु।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने शुक्रवार मुलताई के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती बस दुर्घटना के घायलों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। इस अवसर पर मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, सुधाकर पवार, अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव, एसडीएम राजीव कहार एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा गढ़ेकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज हुरमाड़े उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों को अब नहीं जाना पड़ेगा 3 किमी दूर राशन लेने



**बैतूल, देशबन्धु।** गांव की बेटियों और बुजुर्गों को अब तीन किलोमीटर दूर राशन लेने नहीं जाना पड़ेगा। शासन की योजनाओं का लाभ अब वलनी ग्राम पंचायत में सीधे घर के पास मिलेगा। वर्षों से लंबित मांग आखिरकार पूरी हुई जब ग्रामीणों की आवाज जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाडे तक पहुंची। उनके निरंतर प्रयासों से शासन ने वलनी में शासकीय उचित मूल्य दुकान को स्वीकृति दी। इस दुकान का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उर्मिला गव्हाडे ने ग्राम पंचायत भवन परिसर में किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच निलेश सलामे, जनपद सदस्य साहेबलाल इरपाचे, उपसरपंच पंडरीनाथ खंडाग्रे, पंचगण केशव पिपरदे, मीरा कुमरे, संगीता पंद्राम, कमलेश इरपाचे, रूपा लहरपुरे, समाजसेवी मधु पिपरदे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और महिलाएं मौजूद रहीं।

**▶ वलनी में शुरू हुई शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान**

ग्राम पंचायत वलनी में अब तक राशन की दुकान नहीं थी। हितग्राहियों को हर महीने राशन लेने के लिए करीब तीन किलोमीटर दूर रगड़गांव पैदल जाना पड़ता था। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और विशेषकर दूर-दराज के गरीब परिवारों को परेशानी होती थी। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाडे से मांग की थी कि गांव में शासकीय राशन दुकान खोली जाए। इस मांग को गंभीरता से लेते हुए उर्मिला गव्हाडे ने संबंधित अधिकारियों एवं विभाग से लगातार संपर्क कर शासन से वलनी गांव के लिए नवीन राशन दुकान की स्वीकृति दिलवाई।

### सामाजिक जन कल्याण समिति की बैठक आज

**बैतूल, देशबन्धु।** सामाजिक जन कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आज 5 जुलाई शनिवार को आयोजित की जा रही है। यह बैठक समिति के अध्यक्ष सूरजलाल मंडलेकर के निवास स्थान पटेल वार्ड सदर में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। अध्यक्ष सूरजलाल मंडलेकर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में समिति की आगामी गतिविधियों, जनहित में प्रस्तावित योजनाओं, एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**बैतूल, देशबन्धु।** आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ के तत्वावधान में मुख्यमंत्री के नाम से जिला प्रशासन को विगत सत्र में कार्यरत पुराने अनुभवी अतिथि शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण शीघ्र कराने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष प्रमोद जागरे ने कहा कि वर्तमान सत्र के लिए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया चल रही है। जिसको लेकर पुराने अनुभवी अतिथि शिक्षकों की समस्याएं कई समस्याएं है। जैसे कि स्थानांतरण, उच्च पद प्रभार, अतिशेष, पद संरचना में अंतर, दर्ज संख्या में कमी आदि कारणों से बाहर हुए विगत सत्र में कार्यरत, पुराने अनुभवी अतिथि शिक्षकों को रिक्त पदों पर नियुक्ति में प्रथम वरीयता उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार दी जाए। ज्ञापन में मांग की गई है कि तत्काल पुराने अनुभवी अतिथि शिक्षकों के नियुक्ति आदेश में संशोधन कर पुराने अनुभवी को वरीयता देने के आदेश जारी करें। जिससे परिवारों का भरण पोषण सुचारू रूप से चल सके। इस अवसर पर महेन्द्र पवार, रेवाराम सलामे, भारती सोनी, प्रमोद जागरे, संजू धुर्व, सुनील कुबड़े, भारती सोनी, दुर्गा पवार सहित संघ के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

### आठनेर महाविद्यालय में 3 दिवसीय दीक्षारंभ, सीख: उठें जल्दी, मिलेगी प्राणवायु



**आठनेर, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय आठनेर में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का समापन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में पधारे मुख्य अतिथि आर के पालीवाल (सेवानिवृत प्राचार्य) ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन मे अनुशासन और एक सही दिनचर्या का पालन करना जरूरी है। यदि हम ब्रम्हमुहूर्त में उठते है तो हमें प्राणवायु मिलती है जो हमें हमेशा ऊर्जावान व क्रियाशील रखती है। इस अवसर पर गायत्री परिवार के लखनलाल सुरे ने कहा कि मनुष्य का लक्ष्य केन्द्रित होना चाहिये और लक्ष्य के प्रति सतत प्रयास सफलता दिलाता है। प्राचार्य डॉ सरोज पाटील ने अपने उदबोधन में विद्यार्थियों को नियमित कक्षाओं में उपस्थित होने एवं महाविद्यालय में संचालित गतिविधियों में भाग लेने के लिये प्रेरित किया उन्होंने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के विकास के लिये कृत संकल्पित है। वरिष्ठ छात्र/छात्राएं गीता मरकाम व मन्नतराव वाडिवा आदि ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ संवाद किया।

# कोटवार ने जेसीबी चलवाकर बंद किया रास्ता

**▶ बाडिया खापा के किसानों ने की प्रशासन से शिकायत ▶ खेत में जाना-आना नहीं कर पा रहे**



**बैतूल, देशबन्धु।** मुलताई तहसील के ग्राम बाडिया खापा के किसानों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि वर्षों पुराने पैतृक रास्ते को गांव के कोटवार द्वारा जेसीबी चलाकर बंद कर दिया गया है। इससे किसान अपने खेतों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं और खेती की तैयारी ठप हो गई है। रास्ता बंद होने से मवेशियों को भी लाना-ले जाना मुश्किल हो गया है। किसानों ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर रास्ता बहाल किया जाए।

ग्राम के समस्त कृषकों ने कलेक्टर बैतूल को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि ग्राम कोटवार अनुज पिता जसराम ने वर्षों पुराने उनके खेतों तक जाने वाले रास्ते को जेसीबी मशीन चलवाकर खुदवा दिया है। कोटवार ने नाली और पत्थरों से रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया है, जिससे कई किसानों के खेतों में इस वर्ष बुवाई तक नहीं हो पाई है।

किसानों का कहना है कि उनकी पैतृक कृषि भूमि ग्राम बाडिया खापा के खसरा नम्बर 308/1 एवं 308/2 में स्थित है। यह भूमि पूर्व में कुसना वल्द जयराम की थी, जिसे शासन द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया था और ग्राम कोटवार को आवंटित की गई थी। किसानों ने बताया कि वे इस भूमि से अपने पूर्वजों के समय से लगातार आना-जाना और खेती करते आ रहे हैं। अब कोटवार अनुज द्वारा इस रास्ते को रोक देने से खेत तक पहुंचना बंद हो गया है, मवेशियों को भी ले जाना मुश्किल हो गया है। किसानों ने प्रशासन से इस मामले में तत्काल जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि कोटवार द्वारा किया गया यह कार्य अन्यायपूर्ण है।

ग्रामीणों ने इस बात पर भी नाराजगी जताई है कि खेतों की बुवाई का समय निकल रहा है और रास्ता नहीं खुला तो उनकी आजीविका संकट में पड़ सकती है। ऐसे में कलेक्टर बैतूल से मांग की गई है कि कोटवार अनुज के खिलाफ कार्रवाई कर पुराने रास्ते को यथाशीघ्र बहाल कराया जाए ताकि किसान अपनी खेती और पशुपालन का कार्य बिना बाधा के कर सकें।-

# स्वामी विवेकानंद का जीवन राष्ट्रभक्ति और कर्मशीलता मिसाल: डॉ. खासदेव



**बैतूल, देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी देश के युवाओं को जागरूकता, आत्मबल और राष्ट्रसेवा की ओर प्रेरित करते हैं। विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय में जब स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति एवं समस्त स्टाफ द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण किया, तो परिसर में एक विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुआ यह आयोजन उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के. खासदेव के उद्बोधन से हुई। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन राष्ट्रभक्ति, आध्यात्मिकता और कर्मशीलता की मिसाल है। वे युवाओं को अपनी शक्तियों को पहचानने और राष्ट्र के लिए समर्पित होने की प्रेरणा देते हैं। महाविद्यालय के सचिव निर्गुण देशमुख ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार और आदर्श आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष विजय साबले, उपाध्यक्ष संजय बालापुर एवं कमलेश गडेकर ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. जैन, डॉ गायकवाड, डॉ उज्ज्वल पांसे, प्रो. अनिल सोनी, प्रो. माकोड़े ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल विचार नहीं, बल्कि एक क्रियाशील जीवन शैली का नाम है।

**गांव में जमीन है, लेकिन कागज नहीं: सरपंच-सचिव पर लगाया पट्टा वितरण में गड़बड़ी का आरोप**

# पट्टा नहीं, अब योजनाओं से वंचित हो रहे गरीब परिवार



**बैतूल, देशबन्धु।** गांव में जमीन तो है, लेकिन उसके कागज नहीं। और जब तक कागज़ नहीं, तब तक सरकारी योजनाओं के दरवाज़े भी बंद हैं। ग्राम पंचायत माथनी के कई गरीब परिवार आज भी ऐसे ही हालात में जी रहे हैं, न मकान का पट्टा, न सरकारी मदद। वर्ष 2001 से 2016 के बीच जिन परिवारों को सरकारी पट्टा मिलना चाहिए था, वो ऐसे लोगों को दे दिए गए जिनके पास पहले से ज़मीन है। असल जरूरतमंद ग्रामीण अब मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और किसान सम्मान निधि जैसी कई योजनाओं से वंचित हैं। पट्टा नहीं होने के कारण न तो बैंक से लोन मिल रहा है, न ही मकान बनाने की अनुमति। ग्राम पंचायत माथनी के गरीब भूमिहीन परिवार आज भी इंतज़ार की कतार में खड़े हैं। अब गांव के जागरूक लोगों ने मोर्चा खोल दिया है और मांग की है कि जांच हो, गड़बड़ियां उजागर हों और दोषियों पर कार्रवाई हो। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्दी कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे। यह मामला अब पंचायत से निकलकर तहसील और जिला मुख्यालय तक पहुंच चुका है, जहां प्रशासनिक हलकों में भी हलचल देखी जा रही है।

शिकायतकर्ता दिनेश नागले, गोलू खादीपूरे, अमन, बबलू, मयाराम, भोलासिंह, शिवांगी राजपूत, रघुनाथ सिंह, सुमित, शिखा राठौड़, गोविंद ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, खेमसिंह राठौड़, संदीप, हरिदास, दिनेश, बलदास सहित अनेक ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से सरपंच व सचिव द्वारा की गई कथित अनियमितताओं का खुलासा किया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2001 से 2016 के बीच गरीब व पट्टा वंचित परिवारों के लिए स्वीकृत पट्टे उन लोगों को बांटे गए जिनके पास पहले से ही सरकारी पट्टा था। इसका मुख्य लाभ शुरु से ही भूमिधनी परिवारों को पहुंचा, जबकि वास्तविक जरूरतमंद परिवार आज भी अपनी जमीन के कागजात के अभाव में योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए। शिकायतकर्ताओं ने सरपंच, सचिव के भ्रष्टाचार की जांच कर पट्टा जारी करने वाले रवि किशन पारधे के पट्टे को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। कहा जा रहा है कि रवि किशन पारधे सहित अन्य कथित अनियमित पट्टाधारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से गरीबों के हक़ की वसूली सुनिश्चित हो सकेगी।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से अपील की है कि इस मामले की तत्काल जांच की जाए, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रुक सके और असली हक़दारों को पट्टा मिले। शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### उद्योगों को विस्तार देने एमएसएमई करेगा कार्यशाला

**बैतूल, देशबन्धु।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की मध्य प्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम और इंडस्ट्री पार्टनर लघु उद्योग भारती द्वारा बैतूल में 7 जुलाई 2025 दोपहर 12 बजे बीआरसी क्लब, ग्रीन सिटी, इंडस्ट्रियल एरिया, बैतूल में लघु उद्योग भारती के सहयोग से उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र की श्रीमती तृप्ति पाटिल द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं विस्तार के लिए आरएएमपी नाम से कार्यशाला का आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष में किया जा रहा है जिसके अंतर्गत मध्य प्रदेश के बैतूल में एलईएएन मैनेजमेंट, जेडईडी सर्टिफिकेशन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई) पॉलिसी एवं आईपीआर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी।

सिंगरौली जिले के सरई में हुआ महिला सशक्तिकरण एवं जनजातीय गौरव सम्मेलन

# दीपावली के बाद बहनों को हर महीने देंगे 15 सौ रुपए : डॉ. यादव



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंगरौली प्रदेश का सीमावर्ती, खनिज सम्पन्न और सर्वप्रिय जिला है। सिंगरौली को शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलने वाली है। अगले साल से यहां पढ़-लिखकर डॉक्टर निकलेंगे। आज प्रदेशभर के 94 हजार 234 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि ट्रांसफर की गई है। इसमें 60 प्रतिशत छात्राएं और 40 प्रतिशत छात्र शामिल हैं। राज्य सरकार जनजातीय अंचल में सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। बीते 2 साल में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 15 हजार से अधिक स्कूटी बांटी गई हैं। हमारी सरकार सबके चतुर्दिक विकास के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को सिंगरौली जिले के सरई गांव में महिला सशक्तिकरण तथा जनजातीय गौरव सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 503 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाले 54 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया।

**सिंगरौली को जल्द मिलेगी मेडिकल कॉलेज की सौगात**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। कुछ दिनों बाद 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा है, इस दिन प्रदेश के सभी स्कूल-कॉलेज, हॉस्टल सहित बच्चों की सुविधा से जुड़े निर्माण कार्यों का एक साथ लोकार्पण होगा। शासकीय स्कूलों के बच्चों को साइकिल, ड्रेस और किताबों का वितरण भी किया जाएगा। भागवत गीता से मध्यप्रदेश का संबंध है। वृंदावन ग्राम बनाकर भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता को जीवंत करना है। बच्चे पढ़ाई करके कहीं भी जाएं, पर अपने गरीब मित्र को न भूलें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय गौरव सम्मेलन में शासकीय योजनाओं से लाभान्वित जनजातीय वर्ग के चार व्यक्तियों महाबली सिंह, शंकर सिंह पनिका, वंश बहादुर सिंह और दयाल सिंह का मंच से सम्मान किया। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री तथा सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह, क्षेत्रीय सांसद राजेश मिश्रा, विधायक राजेंद्र मेश्राम, विधायक कुंवर सिंह टेकाम, विधायक विश्वमित्र पाठक सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

स्वागत समारोह में बोले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

# मैं आपके बीच का ही कार्यकर्ता हूं



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा है कि भाजपा परिवार नहीं, कार्यकर्ताओं की ताकत से चलती है। मैं आपके बीच का ही कार्यकर्ता हूं और इसी भावना से अपने काम का निर्वाह करूंगा। अगर कार्यकर्ता तय कर ले, तो कोई चुनाव जीतना मुश्किल नहीं है। श्री खंडलेवाल आज रविन्द्र भवन सभागार में जिला भोपाल द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि भोपाल राजनीतिक दृष्टि से एक कठिन जिला रहा है। यहां से कोई भी नेता 100-150 लोगों को लेकर बैतूल जाकर चुनाव जीतकर आ जाता था, क्योंकि भोपाल में जीतना मुश्किल था। आप लोगों ने भोपाल में पार्टी को मजबूत किया, उसके बाद ही पूरे प्रदेश में कमल खिल सका, क्योंकि भोपाल का असर पूरे प्रदेश पर होता है। भोपाल से मेरा नाता कोई आज का नहीं है, मैं जब लोकसभा चुनाव लड़ा, तो भोपाल से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता बैतूल गए थे। 2014 से 2018 तक मैंने कोषाध्यक्ष के रूप में काम किया। नगर निगम चुनाव में भी मेरी भूमिका रही। लेकिन मैंने अपने मन से नहीं कार्यकर्ताओं, नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने जैसा कहा मैंने वही किया। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने कहा कि जनसंघ के समय से लेकर आज तक वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत व परिश्रम से आज भारतीय जनता पार्टी एक विशाल वट वृक्ष जैसी बन गई है। 1952 में जनसंघ की यात्रा 3 प्रतिशत वोट से प्रारंभ हुई थी। 1957 में 9 प्रतिशत वोट मिले एवं 1962 में 16 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए। आज भारतीय जनता पार्टी को मध्यप्रदेश में 59 प्रतिशत वोट एवं देश में 36.56 प्रतिशत वोट मिले हैं। कार्यकर्ताओं की लगन, मेहनत व निष्ठा से ही भाजपा आज 14 करोड़ सदस्यों वाली दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। कार्यक्रम को प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद आलोक शर्मा, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष मनोज राठौर ने किया। इस दौरान वरिष्ठ नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, महापौर श्रीमती मालती राय, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, पूर्व सांसद आलोक संजर, जिला प्रभारी महेन्द्र यादव, जिला महामंत्री जगदीश यादव मंचासीन रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री ने प्रदेश कार्यालय परिवार के सदस्यों से किया परिचय प्राप्त, अध्यक्ष ने कहा

## कार्यालय कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को पार्टी देगी शैक्षणिक सहायता, बैंक ऋण की गारंटी मैं खुद दूंगा



भोपाल, देशबन्धु। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने आज प्रदेश कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें संबोधित किया। श्री खंडेलवाल ने कहा कि आप सभी पार्टी की एक अहम कड़ी हैं। आप केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि इस विचार परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति लंबे समय तक किसी संस्था से जुड़ता है, तो वह उस संस्था की संस्कृति, विचार और कार्यपद्धति का सहभागी बन जाता है। सभी कर्मचारियों के लिए मेडिकल क्लेम और बीमा की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कर्मचारियों के बच्चों को स्कॉलरशिप मिलती है, तो पार्टी उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए हरसंभव आर्थिक मदद प्रदान करेगी। साथ ही उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि यदि किसी को बैंक लोन की आवश्यकता होगी तो मैं खुद गारंटी देने को तैयार हूं, ताकि आपके बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बन सके।

**सभी कर्मचारियों का होगा बीमा, सुरक्षित रहेगा भविष्य**

उन्होंने कहा कि कार्यालय में कार्यरत प्रत्येक सदस्य का परिवार सुरक्षित एवं संरक्षित भाव से रहे हम इसका सदैव ध्यान रखेंगे। श्री खंडेलवान ने यह भी कहा कि शीघ्र ही पार्टी कार्यालय परिसर में कम शुल्क पर भोजन व्यवस्था प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने सभी से अनुशासन, समयबद्धता और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने का आग्रह किया। पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भी परिचय बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा है कि प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने प्रत्येक सदस्य से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया है, ताकि पारिवारिक भाव और आपसी विश्वास को और सशक्त किया जा सके। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने सभी कर्मचारियों का परिचय प्रदेश अध्यक्ष से कराया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार एवं प्रदीप त्रिपाठी सहित पार्टी कार्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर आज होगा युवा संवाद, मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर सहकारी युवा संवाद 5 जुलाई को सुबह 10 बजे समन्वय भवन में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव युवाओं से सहकारी युवा संवाद करेंगे। कार्यक्रम को सहकारिता मंत्री श्री सारंग भी संबोधित करेंगे और अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णबाल द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया जायेगा। अतिथियों एवं युवाओं के मध्य समावेशी एवं संवहनीय विकास में सहकारिता की भूमिका विषयक संवाद होगा। इस दौरान राज्य सहकारी संघ द्वारा क्रियान्वित भारत सरकार हस्तशिल्प विभाग के सीएचसीडीएस स्कीम के हस्तशिल्प प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण भी होगा। राज्य सहकारी संघ एवं अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज द्वारा इस संयुक्त आयोजन में विषय विशेषज्ञों द्वारा सहकारिता की अवधारणा एवं विकास, सहकारिताओं के प्रकार, सहकारिता की वैधानिक पृष्ठभूमि, सहकारी सेक्टर में स्वरोजगार की संभावनाएं और सहकार से समृद्धि योजना का विवरण एवं प्रगति के बारे में जानकारी दी जायेगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**रेत माफिया ने नायब तहसीलदार....** अमले में हलचल-इस पूरी घटना ने प्रशासनिक अमले को झकझोर कर रख दिया है। अधिकारी वर्ग अब रेत माफिया पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, वहीं प्रशासन ने भी इस पर गंभीर रुख अपनाते हुए पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। रामनगर एसडीएम आरती सिंह ने कहा कि हमने पुलिस को सूचना दे दी है। संबंधित व्यक्ति की पहचान होने के उपरांत उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**अवैध खनन का गढ़ बना....** ने सडक़ पर रेत गिराकर वाहन सहित भागने की कोशिश की, इनमें से एक वाहन को पकड़ लिया गया है और उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**ऑपरेशन सिंदूर में 3 दुश्मनों....** जैसा अवसर प्रदान किया। ऐसे में यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हमें असल में ज्यादा से ज्यादा और तेजी के साथ काम करने की जरूरत है। भारत के उप सेना प्रमुख ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर में न केवल पाकिस्तान, बल्कि चीन और तुर्की ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे भारत को अपनी हवाई रक्षा प्रणाली को और मजबूत करने की जरूरत महसूस हुई है।' लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने सीजफायर के बारे में भी बात की और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने इतनी सटीक और प्रभावी कार्रवाई की, जिससे पाकिस्तान को मजबूरन सीजफायर की मांग करनी पड़ी।

उप सेना प्रमुख ने भारत की हवाई रक्षा प्रणाली की मजबूती की तारीफ की, लेकिन कहा कि भविष्य में और सतर्क रहने की जरूरत है। लेफ्टिनेंट सिंह ने कहा, 'इस बार हमारे शहरों और आबादी वाले इलाकों पर हमला नहीं हुआ, लेकिन अगली बार हमें इसके लिए तैयार रहना होगा।'

**मुख्य सचिव पर अभद्र टिप्पणी....** एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि पांच सप्ताह पहले रवि कुमार ने कलबुर्गी की उपायुक्त फौज़िया तरन्नुम के खिलाफ भी इसी तरह का बयान दिया था और उनकी राष्ट्रीयता पर सवाल उठाया था। रवि कुमार ने यहां जारी एक बयान में कहा, 'मैं इस बात से स्तब्ध हूं कि मुख्य सचिव के खिलाफ मेरे द्वारा की गई कथित टिप्पणी प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया के कुछ हिस्सों में चल रही है। मैं अपनी पूरी ताकत से यह कहना चाहता हूं कि मैंने मुख्य सचिव के खिलाफ कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की है।'

**चिकित्सा को मानव सेवा की....** प्रमुखों ने डॉ. डाबर के निधन को अपूर्णीय क्षति निरूपित करते हुए गहरा शोक जताया है। उनका अंतिम संस्कार शाम 4 बजे गुप्तेश्वर मुक्तिधाम में ससम्मान किया गया। उनके निधन से चिकित्सा सहित समाज के सभी वर्गों में ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर आंसू पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

जबलपुर के हाथीताल क्षेत्र निवासी डॉ. एमसी डाबर डॉक्टर का जन्म 16 जनवरी 1946 को पंजाब पाकिस्तान में हुआ था और विभाजन के बाद उनका परिवार भारत आ गया था। उन्होंने जबलपुर मेडिकल कॉलेज से साल 1967 में एमबीबीएस (बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी) कर पढ़ाई की। इसके बाद भारत-पाक युद्ध के दौरान साल 1971 में लगभग एक साल तक भारतीय सेना में सेवा प्रदान की। इसके बाद वह साल 1972 में जबलपुर आकर लोगों को बहुत मामूली शुल्क पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर प्रारंभ किया। उन्होंने 2 रुपये में लोगों का इलाज शुरू किया और इसके बाद 5,10 तथा 15 रूपये फीस लेकर मरीजों को इलाज करते थे। वर्तमान में वह फीस के रूप में सिर्फ 20 रुपये लेते हैं। मानव सेवा के लिए उनका समर्पण के लिए केन्द्र सरकार के द्वारा देश के 74 वें गणतंत्र दिवस पर उन्हें पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया था।

**अगले साल सीधे लैपटॉप....** योजना में लैपटॉप मिलने पर विद्यार्थी अत्यंत प्रसन्न हैं और इसके लिए म.प्र.शासन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं। सुभाष एक्सीलेंस स्कूल की विद्यार्थी नीशू पंडित बताती हैं मैंने आज मुख्यमंत्री द्वारा मुझे 25 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई है, जिसका उपयोग मैं लैपटॉप खरीदने में करूंगी। मेरी पढ़ाई में इसका बहुत बड़ा योगदान रहेगा। इसी विद्यालय के प्रदेश की प्रावीण्य सूची में वाणिज्य संकाय अंतर्गत चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र प्रांजल कुशवाह ने भी मुख्यमंत्री से लैपटॉप प्राप्त कर उनका हृदय से आभार माना है। उन्होंने कहा कि मैं सीए की तैयारी कर रहा हूं, इसके लिए ऑनलाइन क्लासेस एवं नोट्स बनाने में यह लैपटॉप मुझे काफी मददगार साबित होगा। भोपाल जिले के पीएमश्री शासकीय नवीन कन्या हायर सेकेण्ड्री विद्यालय की 11 छात्राओं को भी लैपटॉप की राशि मिली है। राशि मिलने पर सुश्री सिमरन पैठारी, उर्मिला सैनी, कंचन मौरे, शिवानी, जैनस्वी शर्मा, पायल साल्वे, सिया यादव, हेमलता मीणा, आशा बडोले, प्रियंका गौर एवं विक्की भरिल्ला ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भोपाल में की जनसुनवाई

# प्रदेश की 32 जातियों को पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने प्रतिनिधियों ने रखा पक्ष





**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर एवं आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल ने आज वीआईपी गेस्ट हाउस में जनसुनवाई की। मामला प्रदेश की पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल 32 जातियों को केन्द्रीय सूची में सम्मिलित करने का है। जनसुनवाई के दौरान इन जातियों के प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश राज्य की पिछड़ा वर्ग की केन्द्रीय सूची में सम्मिलित होने के लिए अपना पक्ष प्रस्तुत किया।

इन जातियों के प्रतिनिधियों का कहना था कि राष्ट्रीय सूची में नाम शामिल न होने से उनकी जाति के लोगों को राष्ट्रीय स्तर पर आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता है। इस दौरान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया एवं सदस्य सीताराम यादव के साथ अपर सचिव अनुराग चौधरी पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण आयुक्त सौरभ सुमन मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव डॉ. देवेश कुमार मिश्रा भी सुनवाई में शामिल हुए।

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव देवेश मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग नई दिल्ली द्वारा मध्यप्रदेश राज्य की पिछड़ा वर्ग की 32 जातियों को लेकर यह सुनवाई की जा रही है। इस जाति के लोग खुद को केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सूची में शामिल कराना चाहते हैं। सचिव राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग मिश्रा ने बताया कि वर्तमान स्थिति में केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग की केन्द्रीय सूची में मध्यप्रदेश राज्य के लिए 68 जातियां सम्मिलित हैं।

**केंद्रीय सूची में इन जातियों को शामिल करने की मांग**

जनसुनवाई में पिछड़ा वर्ग की दवेज, भोपा मनभाव, दमामी, हरिदास, कोहरी, फूलमाली (फूलमारी), कलार, जायसवाल, डउसेना, लोढ़ा (तंवर), गोलान, गौलान, गवलान, जादम, कुडमी, रूआला- रूहेला, अब्बासी के साथ सक्का, घोषी गवली और गोली शामिल हैं। इनके अतिरिक्त लिंगायत, महाकुल (राउत), थारवार, जमना लोधी, मनधाव डूकर, कोल्हाटी, घड़वा, झारिया, वोवरिया, मोवार, रजवार, सुत सारथी, तेलंगा, तिलंगा, गयार- परधनिया, बया महरा-कौशल, वया थोरिया, खरादी, कमलीगर, संतराम, शेख मेहतर के प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने अपनी-अपनी जातियों को केन्द्रीय सूची में शामिल करने की मांग की।

# नर्मदापुरम में सेवानिवृत्ति के दिन डिप्टी रेंजर बर्खास्त

**5 साल पुराने 18 लाख के गबन केस में सीसीएफ ने विदाई समारोह के बाद की कार्रवाई**

**भोपाल, देशबन्धु।** नर्मदापुरम रेंज के वन विभाग में पदस्थ डिप्टी रेंजर हरगोविंद मिश्रा को सेवानिवृत्ति के दिन ही नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। तकरीबन 5 साल पुराने गबन के मामले में आरोप साबित होने के बाद उनके खिलाफ प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) अशोक कुमार चौहान ने यह कार्रवाई की। हालांकि इसके पहले कार्यालय में उनकी विदाई पार्टी भी हो चुकी थी। मामला बानापुरा में पदस्थी के दौरान इकोसिस्टम इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट से जुड़ा है, जिसमें 150 लोगों के भ्रमण पर ले जाना था। इस कार्यक्रम में लगभग 18 लाख रुपए की अनियमितता की शिकायत की गई थी। तब तत्कालीन डीएफओ अजय पांडे थे। जानकारी के मुताबिक डिप्टी रेंजर मिश्रा पर बानापुरा में पदस्थ के दौरान 2019 में इकोसिस्टम इफ्रूवमेंट प्रोजेक्ट में समितियों के 150 लोगों को भ्रमण पर ले जाना था। इस भ्रमण कार्यक्रम में फर्जी बिल लगाकर लगभग 18 लाख रुपए का गबन करने का उन पर आरोप लगा था।

विभागीय जांच में आरोप सही पाए गए, जिसके बाद डिप्टी रेंजर हरगोविंद मिश्रा को सीसीएफ अशोक कुमार चौहान ने बर्खास्त करने का आदेश जारी किया है। मिश्रा के खिलाफ 18 लाख रुपए के गबन की नर्मदापुरम और हरदा में 2022 से जांच चल रही थी। हरदा से जांच पूरी होने के बाद विभागीय जांच की गई। इस जांच की रिपोर्ट 26 जून को नर्मदापुरम सीसीएफ ऑफिस पहुंची। जांच में दोषी साबित होने के बाद दोषी पाए जाने पर डिप्टी रेंजर मिश्रा को बर्खास्त कर दिया गया। इस मामले में तत्कालीन डीएफओ अजय पांडे पर भी आरोप हैं, जिनकी विभागीय जांच फिलहाल चल रही है।

मंत्री भूरिया से मिली चैम्पियन बालिकाएं

# संघर्ष से सफलता तक : बालिका गृह की बेटियों ने जीता अंतर्राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप में स्वर्ण



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल के बालिका गृह की कुछ खास बच्चियाँ गौरव की प्रतीक बन गई हैं। इन बच्चियों ने 'फर्स्ट एशियन चेस फॉर फ्रीडम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया और यह साबित कर दिया कि हालात चाहे जैसे भी हों, हौसले अगर बुलंद हों तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रहता। शुक्रवार को इन चैम्पियन बच्चियों ने महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया से मुलाकात की, तो माहौल भावनाओं से भर गया।

आँखों में चमक, चेहरे पर आत्मविश्वास और मन में कुछ कर दिखाने की आग, हर बच्ची की मुस्कान एक नई कहानी कह रही थी। मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने बच्चियों को बधाई दी और कहा कि ये सिर्फ एक जीत नहीं, ये समाज के लिए एक संदेश है कि हर बच्ची, चाहे वह किसी भी परिस्थिति में जन्मी हो, अगर उसे अवसर मिले तो वह सितारों को छू सकती है। उन्होंने बच्चियों का न केवल हौसला बढ़ाया बल्कि यह भी भरोसा दिलाया कि उनके सपनों को साकार करने के लिए सरकार हरसंभव मदद करेगी। सुश्री भूरिया ने कहा कि ये बेटियाँ अब सिर्फ बालिका गृह की बच्चियाँ नहीं रहीं। अब वे प्रेरणा बन चुकी हैं, उन लाखों बच्चों के लिए, जो अपने जीवन को एक नई दिशा देना चाहते हैं। आयुक्त महिला बाल विकास श्रीमती सूफिया फारुकी वली ने कहा कि इन बच्चों को प्रोत्साहन देना, इनका सबसे बड़ा सम्मान है। मिशन वात्सल्य की टीम के मोटिवेशन के साथ इन बच्चियों ने लगन और मेहनत से ये अपार सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बच्चियों को बधाई देते हुए कहा कि आपने जीवन की निराशा को आशा में बदलकर अपने भविष्य को गढ़ा है। उल्लेखनीय है कि वीएसटी एशियन चेस फॉर फ्रीडम चैंपियनशिप ऑनलाइन चैंपियनशिप है। इसमें चार महाद्वीपों के 15 देशों ने भाग लिया। इंडियन ऑयल की परिवर्तन प्रिजन टू प्राइम के तहत इन बच्चियों को चेस खेल का प्रशिक्षण दिया गया।

## वडोदरा के स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

वडोदरा। गुजरात के वडोदरा में एक और स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस बार हरनी इलाके में एयरफोर्स स्टेशन इलाके के पास स्थित सिग्नस स्कूल को निशाना बनाया गया है। एक अज्ञात व्यक्ति ने सिग्नस स्कूल में बम विस्फोट की धमकी दी। इससे वहां हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी तुरंत हरकत में आई और छात्रों को बाहर निकालते हुए स्कूल को खाली कराया गया। जानकारी के मुताबिक, अज्ञात व्यक्ति ने ईमेल के जरिए स्कूल में बम विस्फोट की धमकी दी थी।






पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन**, कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।